दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 272 ■ भीलवाड़ा ■ शनिवार 14 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, शुक्ल पक्ष-पंचमी, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

AIR 50
L2C-NPA CA FOUND. & INTER RESULT
भीलवाड़ा के सभी टॉप रैंकर्स L2C-NPA से

1st in BHL M. 2026 — 435/600 — Chinmay Jain, S/o. Satish - Sunita Jain
1st in BHL — 318/400 — Anumita Jha, D/o. Harendra- Santoshi Jha
2nd in BHL — 316/400 — Khushi Maheshwari, D/o. Babu Lal- Tara Banger
2nd in BHL — 316/400 — Vidit Chechani, S/o. Anil- Gayatri Chechani

Star Performer

311 Marks — Vandana Kanwar, D/o. Bheru Singh - Gopal Kanwar
307 Marks — Shekhar Kumawat
304 Marks — Ritika Samdani, D/o. Ritesh - Jaya Samdani
304 Marks — Ayush Jalan, S/o. Amit - Maya Jalan
304 Marks — Suditi Jain, D/o. Anil - Sadhana Jain
299 Marks — Aanchal Choudhary, D/o. Anil - Ritu Choudhary

CA FOUND. PASS OUT STUDENTS (Sep. 2026)

Suhani Navlakha 297 Marks; Harshit Pandey 290 Marks; Dheeraj Laddha 287 Marks; Meghansh Mundra 283 Marks; Mahi Choudhary 279 Marks; Darshit Nyati 278 Marks; Vartika Lakhani 278 Marks; Suman Rathore 275 Marks; Akshat Ranka 274 Marks; Swara Kabra 274 Marks; Aditya Jain 272 Marks; Sakshi Karani 270 Marks; Shivansh Bang 263 Marks; Priyanshi Nolkha 262 Marks; Keshav Mahe. 259 Marks

Priyanshu Dadhich 256 Marks; Harshvardhan 255 Marks; Apoorva Somani 255 Marks; Tanmay Mahe. 245 Marks; Jainish Jain 243 Marks; Darshan Porwal 243 Marks; Manasvee Soni 240 Marks; Gourav Baldi 240 Marks; Antima Soni 239 Marks; Garima Jain 238 Marks; Anushka Mahe. 237 Marks; Himmat Gayri 236 Marks; Darsh Sharda 234 Marks; Neha Jajoo 234 Marks; Ronak Shukla 233 Marks

Aditi Gagrani 233 Marks; Vedansh Goyal 233 Marks; Raghav Suwalka 233 Marks; Deepika Jain 230 Marks; Prachi Vaishnav 226 Marks; Hiral Jain 225 Marks; Pahal Jain 225 Marks; Anshul Jain 224 Marks; Hitanshi Agarwal 223 Marks; Janvi Totwani 223 Marks; Bhavi Jain 222 Marks; Narendra Singh 221 Marks; Akshara Jhanwar 221 Marks; Deepak Ahir 220 Marks; Anjali Ahir 219 Marks

Akshara Jain 218 Marks; Gunjan Kanwar 218 Marks; Gouri Samdani 217 Marks; Kavita Chouhan 217 Marks; Ridhima Jain 217 Marks; Suhani Kabra 216 Marks; Paridhi Dangi 215 Marks; Kritika Baheti 214 Marks; Preksha Nahar 213 Marks; Shourya Meena 213 Marks; Aditya Kumar Dad 213 Marks; Bhagyashree 212 Marks; Khushi Laddha 212 Marks; Anant Dhakar 211 Marks; Rajkumar Agarwal 208 Marks

Chelsi Ajmera 208 Marks; Anshul Sharma 206 Marks; Avani Kothari 205 Marks; Hardik Mundra 204 Marks; Khushmita 202 Marks; Rohit Sharma 202 Marks; Yash Jaiswal 202 Marks; Dharvi Birla 202 Marks; Krish Kumawat 201 Marks; Akshita Khator 200 Marks; Divya Kothari 200 Marks; Jessica Pratapat 200 Marks; Kritika Jain 200 Marks; Laksh Tamboli 200 Marks; Kunjal Mahe. 200 Marks

CA INTER SEP. 2026 PASS OUT STUDENTS

Tanushree Rathi; Khushi Jotwani; Kinjal Somani; Shrestha Jain; Prachi Totla; Parth Hinger; Shourya Hiran; Sweeny Kothari; Mayank Bapna; Sneha Sodani; Himanshu Jain

Darshita Sethia; Darshita Sethia; Ekta Jhanwar; Mohit Jain; Rajshree Ajmera; Harshmeet; Shubhang Nenawati; Kritika Jain; Himanshu Athwani; Navkar Choudhary; Avika Somani

CA All India Result 19%
L2C-NPA Result 63%

NEW BATCH — CA INTER Sep.-2027
13 Nov. 2026 (Friday)
(Time : 7:30 am)



लाठी नैनावटी क्लासेज प्रा. लि.
PANCHWATI, BHILWARA (RAJ.) M.: 97831-99888, 99835-66656, 94141-15805
Visit on @L2C_NPA

न्यूज इन बाक्स

सक्रियता ही स्वस्थ एवं सार्थक जीवन का मूल मंत्र- महापौर जसवंत कंवर



भीलवाड़ा। उम्र वरिष्ठता का पैमाना नहीं है, व्यक्ति जितना अधिक सक्रिय रहेगा उतना ही स्वस्थ और समाज के लिए उपयोगी बना रहेगा। यह विचार महापौर जसवंत कंवर व उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने वरिष्ठ नागरिक मंच (संस्थान) के दीपावली स्नेह मिलन समारोह में व्यक्त किए। समारोह में पार्षद सुरेंद्र सिंह मोटरास व हरनारायण माली का पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर 100 वर्ष पूर्ण करने पर मंच के वरिष्ठतम सदस्य दीपचंद सोलंकी का विशेष सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। प्रवेश पत्रों की लॉटरी में बृज सुंदर सोनी, घनश्याम कास्ट व कैलाश चंद्र पांडे पुरस्कृत हुए। सांस्कृतिक संध्या में वीणा खटोड़ व मंजूलता भट्ट ने स्वागत गीत पेश किया। राकेश सक्सेना, पवन अग्रवाल, योगेंद्र सक्सेना व कुमुद सक्सेना ने समूह गान तथा उर्मिला माहेश्वरी व दिनेश भट्ट के साथ लघु नाटिका प्रस्तुत की। बृज सुंदर सोनी-प्रेम कुमारी सोनी, योगेंद्र-कुमुद सक्सेना, प्रमोद-पुष्पा तोषनीवाल, वर्षा-विजय भारती कपूर, पवन अग्रवाल-राकेश सक्सेना, अनिल-उर्मिला माहेश्वरी तथा विश्वदीपक-मीनाक्षी भटनागर ने युगल गीत व नृत्य से समां बांधा। कृष्ण गोपाल सोमानी, मदन खटोड़, कैलाश सोमानी, अरुण आचार्य व उमाशंकर शर्मा ने समूह गान और मदन खटोड़ ग्रुप ने राजस्थानी पैरोडी नृत्य पेश किया। समारोह में मूलचंद बाफना, कैलाश पुरोहित, सुशील बंसल, भवानी शंकर शर्मा, रामपाल शर्मा, विमला जैन, विमला सोमानी, रमा पुरोहित, विजयलक्ष्मी सोमानी, शकुंतला बापना, सुशीला आचार्य व सरला शर्मा मौजूद रहे। संचालन कैलाश सोमानी व आभार अध्यक्ष मदन खटोड़ ने जताया।


मणिक्यनगर पार्क में कल सजेगा अन्नकूट महोत्सव, मंदिर में गूंजेंगे जयकारे

भीलवाड़ा। मंशापूर्ण महादेव और बालाजी मंदिर सेवा समिति, माणिक्य नगर पार्क के तत्वावधान में माणिक्य नगर पार्क स्थित मंशापूर्ण महादेव और बालाजी मंदिर प्रांगण में रविवार शाम 6.15 बजे अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक और हर्षोल्लास के माहौल में होने वाले इस आयोजन को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों व भक्तों से विनम्र निवेदन किया है कि वे इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में तन, मन और धन से भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित करें और आयोजन को सफल बनाएं। कार्यक्रम की तैयारियों में सागर माली, राकेश कोठारी, कर्मेश व्यास जूटे हुए है।

दीपिका की कलाकृति का राष्ट्रीय प्रदर्शनी में चयन

भीलवाड़ा। अमृतसर की प्रतिष्ठित इंडियन एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट्स की ओर से आयोजित होने वाली 91वीं अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी में





कलाकार दीपिका पाराशर की दो कलाकृतियों का चयन किया गया है। प्रदर्शनी 16 नवंबर को अमृतसर में आयोजित होगी। दीपिका की पहली चयनित कलाकृति छापांकन विधा में तैयार की गई है। इसका शीर्षक 'द टाइमलेस स्टेपवेल' है। इसे लकड़ी पर नक्काशी की तकनीक से बनाया गया है। दूसरी चयनित कलाकृति रेखांकन विधा में तैयार की गई है। इसका शीर्षक 'पाथ टू इन्फिनिटी' है। इसे कागज पर कलम के माध्यम से बनाया गया है।

रामधाम ट्रस्ट और सांगानेर मंडल का संयुक्त सामूहिक रामायण पाठ कल

भीलवाड़ा। मेवाड़ की धर्मनगरी भीलवाड़ा में रविवार को भक्ति और आध्यात्म का एक अत्यंत ही भव्य और अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट, भीलवाड़ा और श्री रामायण मंडल, सांगानेर के संयुक्त तत्वावधान में एक सामूहिक रामायण पाठ का आयोजन होने जा रहा है। यह विशेष मिलन समारोह भीलवाड़ा के बड़े मंदिर के पास स्थित श्री गोपाल द्वारा में दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पूरे मेवाड़ क्षेत्र में रामायण पाठ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार इस आयोजन में सांगानेर के रामायण मंडल के सदस्य भी विशेष रूप से शिरकत करेंगे। इस पावन कार्यक्रम के दौरान रामायण की अंत्याक्षरी स्पर्धा, मधुर भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा और श्री रामायण जी के पाँच दोहों का वाचन सहित गीता पाठ के भी अनेक कार्यक्रम संपन्न होंगे। श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका एवं सचिव अभिषेक अग्रवाल ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन में धर्मलाभ कमाने की विनम्र अपील की है।

जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना 20 को, प्रशिक्षण 18 को

भीलवाड़ा। जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना 20 नवंबर को राजकीय पॉलोटेक्निक कॉलेज तिलक नगर में होगी। मतगणना कार्य के लिए नियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं अतिरिक्त मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण 18 नवंबर को प्रातः 11 बजे से नगर निगम भीलवाड़ा के महाराणा प्रताप सभागार (टाउन हॉल) में दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि प्रशिक्षण में कुल 603 प्रशिक्षणार्थी भाग लेंगे, जिनमें 173 गणन पर्यवेक्षक, 173 गणन सहायक, 173 अतिरिक्त गणन सहायक, 21 ए.आर.ओ. / ए.आर.ओ. तथा आर.ओ. / ए.आर.ओ. टेबल पर नियुक्त 03-03 स्टॉफ के 63 कार्मिक शामिल हैं। सभी संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित होवें ताकि मतगणना कार्य सुचारू, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित रूप से सम्पन्न करवाया जा सके।

'शून्य' का सपना, 356 का मातमः सड़कों पर बेकाबू रफ्तार

ब्रेकिंग न्यूजः प्रदेश में मौतों की दर 1.30 प्रतिशत बढ़ी, भीलवाड़ा में 22.34 प्रतिशत इजाफा

ललित ओझा
लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी 'शून्य मृत्यु जिला' कार्यक्रम के तहत सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य पर लाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन इस योजना में चयनित भीलवाड़ा जिले में हालात इसके बिल्कुल उलट नजर आ रहे हैं। जिले में सड़क हादसों और उनसे होने वाली मौतों में कमी आने के बजाय तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि भीलवाड़ा में मौतों की वृद्धि दर पूरे राजस्थान के औसत से कई गुना ज्यादा है।

पुलिस महानिदेशक कार्यालय के 1 जनवरी से 30 सितंबर तक के तुलनात्मक आंकड़ों (वर्ष 2025 बनाम 2026) ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के टॉप-10 दुर्घटना संभावित जिलों की सूची में भीलवाड़ा आठवें स्थान पर पहुंच गया है। वर्ष 2025 के शुरुआती नौ महीनों में भीलवाड़ा जिले में 605 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, जो 2026 की इसी अवधि में बढ़कर 643 हो गईं। यानी जिले में 38 (6.28 प्रतिशत) अधिक हादसे हुए। हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या में सबसे ज्यादा इजाफा हुआ है। 2025 में 30 सितंबर तक 291 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 2026 में यह आंकड़ा 356 तक पहुंच गया। सीधे तौर पर 65 ज्यादा लोगों की जान गई, जो 22.34 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी को दर्शाता है।



कब-कितने एक्सीडेंट

वर्ष	एक्सीडेंट
2025	605
2026	643
वृद्धि	38
प्रतिशत	6.28

कब-कितनी मौतें

वर्ष	मौतें
2025	291
2026	356
वृद्धि	65
प्रतिशत	22.34

आंकड़े जनवरी से सितंबर तक

भीलवाड़ा की स्थिति बेहद गंभीर

यदि पूरे राजस्थान के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति भीलवाड़ा की तुलना में काफी नियंत्रित दिखती है। 2025 के नौ माह में राज्य में 18,053 दुर्घटनाएं हुई थीं, जो 2026 में बढ़कर 18,434 हो गईं। इसमें 381 की बढ़ोतरी हुई यानी 2.11 प्रतिशत वृद्धि। राज्य में मृतकों की संख्या 8,949 से बढ़कर 9,065 हुई है। यानी पूरे प्रदेश में 116 लोगों की अधिक जान गई, जो महज 1.30 प्रतिशत की वृद्धि है।

कागजों तक सिमटे समितियों के फैसले

ये सरकारी आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर होने वाली जिला यातायात सलाहकार समिति की बैठकों में लिए जाने वाले निर्णय जमीन पर कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर व सदस्य सचिव डीटीओ हैं। हर बार वही पुराने आदेश, निर्देश दिए जाते हैं। निर्णय लिए जाते हैं। ब्लैक स्पॉट्स सुधारने, यातायात नियमों की सख्ती और जागरूकता अभियानों के दावों के बीच लगातार बढ़ता मौतों का ग्राफ प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

विश्व स्मरण दिवस आज, कैंडल मार्च शाम को

आज विश्व स्मरण दिवस है। जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी कार्यालय के सहयोग से आज शाम 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इस कैंडल मार्च का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करना है। सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों के पालन का संदेश देना है।

पं.नेहरू ने रखी थी आधुनिक भारत की नींव



पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन, कांग्रेस ने दी पुष्पांजलि

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी, भीलवाड़ा शहर की ओर से कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराम खटीक के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, त्याग, बलिदान एवं ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता के बाद आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता एवं औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान की।

शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष खटीक ने कहा कि नेहरू के विचार आज भी देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक सद्भाव के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में योगेश सोनी जिलाध्यक्ष सेवादल, कुणाल ओझा,पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डा. फरियाद मोहम्मद, मनोज , गोपाल खटीक, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश अमरवाल, मुस्ताक अली मंसूरी, शिवराज सुराणा महासचिव सेवादल, भगवती लाल, कैलाश कोली उदयलाल, चुनीलाल खटीक, ज्ञानमल खटीक, लाजपत राय आचार्य, उमेश शर्मा, सुनील रांका, संदीप टेलर, विनोद पाण्डेय, तरुण कुमार सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

बाल दिवस पर डॉ. छापरवाल ने नवजात दीया के स्वास्थ्य की ली जानकारी

टीकाकरण व ममता कार्ड को लेकर की अपील



भीलवाड़ा। बाल दिवस के अवसर पर वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एवं दत्तक ग्रहण समिति के सदस्य डॉ. राजेश छापरवाल ने शनिवार को महात्मा गांधी अस्पताल स्थित मातृ एवं शिशु इकाई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एक दिन पूर्व पालना गृह में मिली अज्ञात नवजात बालिका दीया के स्वास्थ्य एवं उपचार की स्थिति का जायजा लिया। डॉ. छापरवाल ने इकाई में मौजूद बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदिरा सिंह से नवजात बालिका के स्वास्थ्य, पोषण और चिकित्सकीय देखभाल को लेकर विस्तृत चर्चा की। चिकित्सकों से मिली जानकारी के अनुसार बालिका की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। डॉ. छापरवाल ने बाल दिवस के मौके पर नन्ही दीया के शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर डॉ. राजेश छापरवाल ने आमजन और अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अभिभावक जब भी अपने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने अस्पताल आएं, तो अपने साथ ममता कार्ड अवश्य लाएं और शिशु रोग विशेषज्ञ को दिखाएं। उन्होंने बताया कि ममता कार्ड के माध्यम से शिशु की शारीरिक वृद्धि, मानसिक विकास, समय पर होने वाले नियमित टीकाकरण तथा उम्र के अनुसार दिए जाने वाले शिशु आहार की संपूर्ण जानकारी मिल पाती है। समय पर टीकाकरण और सही पोषण से बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से चिकित्सक से खुलकर संवाद करने और बच्चे की सेहत से जुड़ी हर बारीकी समझने का आह्वान किया।

भीलवाड़ा में सजेगा भोजपुरी सितारों का महाकुंभ

दो दिवसीय छठ महोत्सव में बहेगी भक्ति और संस्कृति की सरिता



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में इस वर्ष लोक आस्था, श्रद्धा और भोजपुरी संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। पूर्वांचल जन चेतना समिति चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में 13 से 16 नवंबर तक मनाए जाने वाले चार दिवसीय छठ महापर्व के तहत दो दिवसीय भव्य 'छठ महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर पूर्वांचल समाज सहित शहरभर में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रजनीश वर्मा ने बताया कि यह महापर्व न केवल सूर्य उपासना और कठोर निर्जला उपवास का प्रतीक है, बल्कि यह अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक एकता और सामाजिक समरसता का अनुपम संदेश भी देता है। डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा जीवन का अनूठा दर्शन प्रस्तुत करती है। महोत्सव के पहले दिन 14 नवंबर को खरना के उपरांत मानसारोवर झील, पटेल नगर के प्रांगण में शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक भव्य सांस्कृतिक संध्या सजेगी। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फिल्म दिल्ली 2020 और वेब सीरीज विषकन्या फेम अभिनेत्री श्रीमती भारती मेहता होंगी। इसके अलावा, लोकप्रिय गायक त्रिलोक झा, गायिका संजना, छपरा के सुपरस्टार गायक श्याम सिंह, अभिनेत्री नैना सिंह तथा नृत्यांगना यीशु गुप्ता एवं आरोही अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन 15 नवंबर को श्रम कल्याण केंद्र, लेबर कॉलोनी मैदान में शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक अलौकिक कार्यक्रम होगा। इसमें वृंदावन के कलाकारों द्वारा देवी-देवताओं की लीलाओं का आकर्षक नाटकीय रूपांतरण और जीवंत प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य पूर्वांचल की समृद्ध धार्मिक विरासत, लोकगीतों और पारंपरिक रीति-रिवाजों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है।













गीतांजलि और कपिल की कलाकृतियों का अमृतसर में होगा प्रदर्शन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





स्थानीय आकृति कला संस्थान की सदस्य एवं कन्या महाविद्यालय के चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष एवं चित्रकार गीतांजलि वर्मा तथा स्वतंत्र कलाकार कपिल खन्ना की कलाकृतियों का चयन ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स अकादमी, अमृतसर की 91वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के लिए किया गया है। इनकी चयनित कृतियों का प्रदर्शन 16 से 30 नवंबर तक अमृतसर स्थित अकादमी की आर्ट गैलरी में किया जाएगा। कला प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्व प्रसिद्ध आधुनिक मूर्तिकार पद्मश्री बीमन बिहारी दास करेंगे।

चित्रकार गीतांजलि वर्मा की चयनित कृति 'एप्पल ऑफ माय आई-4' में बालसुलभ मुस्कान के साथ जुड़ी चंचलता, मासूमियत और सहज भावनाओं को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया गया है। कलाकार कपिल खन्ना ने मिक्स्ड मीडिया में निर्मित अपनी कृति 'दी सेक्रेड ब्यूटी' के माध्यम से मानव जीवन की आंतरिक एवं आध्यात्मिक यात्रा के विभिन्न पड़ावों को दर्शाया है। इस कृति में जीवन के आरंभ से लेकर उसके विभिन्न परिवर्तनों और अनुभवों का कलात्मक सार प्रस्तुत किया गया है। दोनों कृतियों का राष्ट्रीय स्तर की कला प्रदर्शनी के लिए चयन होना भीलवाड़ा के कला जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।





स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्प्लेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

चुनावों में जातिय समीकरण और जाति गठबंधन विशेष महत्व रखते है क्योंकि नेता इन्हें साधकर सत्ता तक पहुंचने का उपक्रम करते है।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

यूपी - सामाजिक परिवर्तन मोर्चा ...

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में पंजाब व उत्तरप्रदेश प्रमुख है क्योंकि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने पहली बार यहां सरकार बन पड़े और पांच साल पूरे करने वाली है। जिसका नेतृत्व भगवंत सिंह मानकर रहे है। दिल्ली में सत्ता से बाहर होने के बाद आप प्रमुख अरविन्द केजरीवाल केवल पार्टी प्रमुख के तौर पर ही काम कर रहे है। यहां आम आदमी पार्टी ने 31 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इसमें पार्टी ने कृषि मंत्री गुरमीत सिंह का टिक काट कर उनके रिश्तेदार रणधीर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वहीं दो सांदों तथा पंजाबी अभिनैत्री को भी चुनाव मैदान में उतारा है। आप की पहली सूत्री में टिकट कटने के बाद तीन विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा में बढ़त बना ली है। वहीं भाजपा और अकाली दल एक बार पुनः गठबंधन के साथ आ सकता है। वैसे भाजपा अपने स्तर पर पूरे प्रदेश में प्रभुत्व जमाने की संभावना भी देख रही है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री बिट्टू को प्रदेश में भाजपा के लिए काम करने के लिए ही दुबारा कहीं से राज्य सभा का उम्मीदवार नहीं बनाया। प्रदेश में कांग्रेस के लिए किसी से गठबंधन की अभी संभावना नहीं लग रही है। मान एक बार फिर आम आदमी पार्टी की सरकार बनाना चाहेंगे।

403 सदस्यों वाली उत्तर प्रदेश विधानसभा अपने आप में ही सबसे बड़े प्रदेश की वजह से महत्वपूर्ण है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण महंत योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व है। जिसमें 2017 व 2022 में लगातार भारी बहुमत से सरकार बनाई तथा अब 2027 में तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की राजनीतिक में दलति मुस्लिम गठजोड़ के नये समीकरण बनते दिखे। दलित वोटों के समर्थष्न का दावा करने वाली चन्द्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी काशीराम(एएसपीके) और मुस्लिमों के मुद्दे उठाने वाली असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने हाथ मिलाकर सामाजिक परिवर्तन मोर्चा बनाकर यूपी की सभी 403 सीटों पर चुनावा लड़ने की घोषणा की है। आजाद और औवैसी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में यह ऐलान करते हुए कहा कि एसपीएस भाजपा को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने का मजबूत विकल्प होगा। ओवैसी ने कहा कि मोर्चे की ओर से चन्द्रशेखर आजाद मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। आजाद ने कहा कि उनके द्वारा कांग्रेस व सपा के लिए भी खुले है। हम साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते है। आवश्यकता इस बात की है नया मोर्चा बसपा व सपा को नुकसान पहुंचाने के लिए हथयार बनेगा या दलित मुस्लिम वोटों के सहारे निर्णायक मंच बनकर उभरे।

कड़वी घूंट -सूरज

चुनाव कार्यक्रम ही पर्याप्त ...

सरकारी विभागों में चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले और बाद की स्थिति का बहुत बारीकी से ध्यान रखा जाता है। कई घोषणाएं और महत्वपूर्ण फैसले आचार संहिता की भेंट न चढ़ जाय इसलिए बीच का रास्ता निकाल लिया जाता है। कि कार्यक्रम घोषित होने और अधिसूचना जारी होने के बीच की अवधि को अप्रभावित मान लिया जाता है।

विपरित इसके राजनीतिक महत्वाकांक्षाके चलते नेता लोग अपना नाम पूर्व की सूची से हटवाकर ग्रामीण क्षेत्र में इसलिए जुड़वा लेते है ताकि पंचायत राज संस्था के चुनाव में उम्मीदवार बन सके। चूंकि नाम जोड़ने का काम भी अधिसूचना जारी होने तक चलता है। इसलिए ऐन वक्त पर नाम जुड़वा लिए जाते है लेकिन चुनाव कार्यक्रम के बाद नाम जोड़ने पर विरोध स्वाभाविक है।

हां बूंदी जिले की हिण्डौली की मेडी पंचायत में चार वोटरों के नाम हटाने का मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया। इन नामों में सरपंच पद की उम्मीदवार भी शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इन चारों नामों को हटाने के आदेश दिए थे। निर्वाचन आयोग ने खंडपीठ से दलील दी कि 3 अक्टूबर को केवल चुनाव कार्यक्रम घोषित हुआ था। ऑपचारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई। खण्ड पीठ ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाती है। अब यह आप जानो कि चुनाव कार्यक्रम के साथ ही आचार संहिता लागू माननी पड़ेगी न कि अधिसूचना जारी होने तक वोटर के नाम जोड़े हटाये।

शनिधाम पर अन्नकूट महोत्सव कल



बिजयनगर। शहर के पौराणिक स्थल बखेड़िया बाबा की मंडी शनिधाम परिसर में रविवार 15 नवंबर को विशाल अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शनिधाम सेवा समिति के सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया कि रविवार 15 नवंबर को भगवान की महाआरती के बाद अन्नकूट महाप्रसाद का भोग लगाकर सायंकाल महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। शहर के सभी धर्मावलंबी महाप्रसाद का लाभ उठाएं। अन्नकूट महोत्सव हेतु समिति के सदस्यों के द्वारा आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है।

RAJASTHAN STATE ROAD TRANSPORT CORPORATION
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER (S/ P), JHOTWARA ROAD, JAIPUR

Tender Inviting Bid

TENDER VALUE ABOVE TEN LAKH AND UP TO ONE CRORE

NIT - 11 - Bid for the purchase of CW Printing Paper and Aluminium Coil are invited from interested bidder up to (Time) 18.00 PM date 01.12.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.raj.nic.in** of the state; and **https://transport.rajasthan.gov.in.**

Closing Date: - 01.12.2026, Opening date:- 02.12.2026

UBN No.: RTC2627GLRC00629, RTC2627GLRC00630

राज.संवाद/सी/26/13164 विज्ञापन संख्या 285/2026-27 General Manager (S/P)

MANOMAY TEX INDIA LIMITED

Reg. Office- 32, Heera Panna Market Pur Road, Bhilwara - 311001 (Rajasthan) India

CIN : L18101RJ2009PLC028647 Website: https://manomaytexindia.com/ Email: ykladdha@hotmail.com; Tel. No. : 01482-246983

Extract of Standalone Un-Audited Financial Results For the Quarter and Half Year ended 30th September, 2026

(Rs. In Lakhs)

S.No.	Particulars	Quarter Ended		Half Year Ended		Year ended
		30.09.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026
		Un-Audited	Un-Audited	Un-Audited	Un-Audited	Audited
1	Total Income from Operations	23,509.03	16,627.75	43,270.35	33,044.49	71,221.52
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and Extraordinary Items)	868.70	744.13	1,532.10	1,338.72	2,601.64
3	Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and Extraordinary Items)	868.70	744.13	1,532.10	1,338.72	2,601.64
4	Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and Extraordinary Items)	651.43	556.99	1,146.62	1,001.84	1,964.15
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)]	659.33	541.87	1,166.26	977.70	1,950.61
6	Equity Share Capital (Face Value Rs.10/- each)	1,804.87	1,804.87	1,804.87	1,804.87	1,804.87
7	Other Equity (Reserves)					15,291.38
8	Earning Per share (Rs. Per Shares) (of Rs. 10/- each) (for continuing operations)					
	1. Basic	3.61	3.09	6.35	5.55	10.88
	2. Diluted	3.61	3.09	6.35	5.55	10.88

Note: The above is an extract of the detailed financial results for the Quarter and Half Year ended 30th September,2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations , 2015. The full format of the Quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchange www.bseindia.com, www.nseindia.com and on Company's websites of the Stock Exchange www.bseindia.com, www.nseindia.com and on Company's website https://manomaytexindia.com/

For and on Behalf of The Board of Director
For Manomay Tex India Limited
SD/-
Yogesh Laddha
Managing Director
DIN : - 02398508

Date : 13th November,2026
Place : Bhilwara (Rajasthan) India

नरसी-मीरा जैसी भक्ति हो तो दौड़े चले आते हैं भगवान : संत दिग्विजय राम

लोकजीवन न्यूज सर्विस, चित्तौड़गढ़





भक्ति हमेशा श्रद्धा, विश्वास और दासत्व भाव से होनी चाहिए। नरसी मेहता और भक्त शिरोमणि मीरा बाई जैसी अटूट भक्ति हो, तो श्री सांवलिया सेठ स्वयं अपने भक्त की लाज रखने दौड़े चले आते हैं। यह उद्गार रामस्नेही संप्रदाय, रामद्वारा शाहपुरा के संत दिग्विजय राम महाराज ने चित्तौड़गढ़ जिले के मरमी गांव में बंसीलाल और राधेश्याम विजयवर्गीय के तत्वावधान में आयोजित नानी बाई का मायरा कथा के समापन अवसर पर व्यासपीठ से व्यक्त किए। संत ने कहा कि मीरा बाई की भक्ति की शक्ति ऐसी थी कि उन्हें दिए गए विष के प्याले को भी सांवलिया सेठ ने अमृत बना दिया। चित्तौड़ दुर्ग की प्राचीरें आज भी मीरा बाई के नाम को जीवंत रखती हैं और भक्ति के लिए चित्तौड़ की पहचान मीरा से ही है। नरसी भगत का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री नानी बाई के ससुराल से आई मायरे की सूची और कंकु पत्रिका ठाकुर जी को सौंप दी थी। स्वयं वे संतों के साथ सवा मण गोपीचंदन और तंबूरा लेकर बेटी के ससुराल पहुंच गए। उनकी साधारण दशा देखकर समधी श्रीरंग जी ने उन्हें गांव के बाहर एक टूटी-फूटी झोंपड़ी में ठहराया, जिसे नरसी जी ने प्रभु इच्छा मानकर सहज स्वीकार कर लिया। हमें भी जीवन में प्रतिकूलता को हरि इच्छा और अनुकूलता को हरि कृपा मानकर जीना चाहिए। तीन लोक की इस फकीरी के आगे इंद्र का सिंहासन भी नतमस्तक हो गया था। ससुराल पक्ष और देवर के तानों से आहत नानी बाई जब झोंपड़ी में पहुंचकर पिता के सामने रोने लगीं, तब नरसी भगत ने उन्हें आश्वस्त किया कि अब या तो सांवलिया सेठ स्वयं मायरा भरने आएंगे या संसार से मायरे की रीत ही समाप्त हो जाएगी। भक्त के इस अडिग विश्वास पर भगवान श्री सांवलिया सेठ, राधा और रुक्मिणी के साथ सेठ का रूप धारण कर पहुंचे। उन्होंने स्वयं को नरसी भगत का मुनीम बताते हुए छप्पन करोड़ का मायरा भरकर अपने भक्त का मान रखा।

विद्यालय विकास की धुरी है प्रधानाचार्य - गोविंद कुमार





लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के तत्वावधान में चित्तौड़ प्रांत के उत्कृष्ट विद्यालयों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा के प्रांगण में 12 एवं 13 नवम्बर को हुआ।

कार्यशाला का मार्गदर्शन विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री गोविंद कुमार, विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के प्रांत निरीक्षक नवीन कुमार झा एवं प्रांत सचिव मानेंग पटेल ने किया। कार्यशाला में प्रांत के 25 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सहभागिता की। कार्यशाला में कुल चार सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आचार्य पाठ योजना, पाठ्यक्रम, कक्षा निरीक्षण, परीक्षा परिणाम, लर्निंग मैनेजमेंट अलएम का उपयोग, प्रशिक्षण, मूल्यांकन एवं नवाचार, अटल लैब, प्रयोगशाला, अंग्रेजी सम्भाषण, कौशल विकास, एनसीवीईटी, प्रबन्ध समिति की सक्रियता, आचार्य टोली, विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय, प्रभावी शिशुवाटिका एवं संस्कार केन्द्र तथा अभिभावक सम्पर्क की प्रभावी योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। गोविंद कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रबन्ध समिति को सक्रिय बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होती है। अधिकारियों के प्रवास के दौरान प्रभावी संवाद, विद्यालय के प्रत्येक पहलू पर ध्यान, विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय एवं मातृ संगठन के साथ स्वस्थ संवाद बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानाचार्य को सभी स्तरों पर सम्पूर्ण दृष्टि रखनी चाहिए, क्योंकि विद्यालय के समस्त कार्यों की धुरी प्रधानाचार्य होता है। गोविंद कुमार ने विद्यालय प्रबन्ध समिति के विभिन्न विषयों पर सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा, सचिव विजय सिंह राणावत, सदस्य हनुमान धाकड़, रमेश कुमार शर्मा, माया पाराशर एवं अभिषेक डिडवानिया उपस्थित रहे। नवीन कुमार झा ने कहा कि प्रबन्ध समिति के साथ विभिन्न उपसमितियों का गठन कर कार्यों का विभाजन करना चाहिए। कार्यशाला में जिला सचिव देवराज सिंह राणावत भी मौजूद रहे दो दिवसीय कार्यशाला में हुए विचार-विमर्श एवं अनुभवों के आदान-प्रदान से विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रबन्धकीय व्यवस्था एवं सर्वांगीण विकास को नई दिशा देने का संकल्प व्यक्त किया गया।

उधना-खातीपुरा (जयपुर) एक तरफा स्पेशल ट्रेन आज

भीलवाड़ा। रेलवे द्वारा त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु उधना-खातीपुरा (जयपुर) एक तरफा स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09019, उधना-खातीपुरा (जयपुर) एक तरफा स्पेशल रेलसेवा आज उधना से 16.05 बजे रवाना होकर अगले दिन 11.30 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़ एवं जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 6 द्वितीय शयनयान, 12 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होंगे।

यूनेस्को टीम ने किया घाटों का अवलोकन



भीलवाड़ा। पूर्वांचल के महापर्व छठ पूजा को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से जिला यूनेस्को एसोसिएशन व पूर्वांचल जन चेतना समिति की ओर से श्रेष्ठ घाट सजावट व स्वच्छ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्टेट फेडरेशन ऑफ़ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली ने बताया कि अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में बनाई 11 सदस्यों की कमेटी ने शहर के मानसरोवर झील, वाटर वर्क्स, नेहरू तलाई व न्यू पटेल नगर सहित विभिन्न घाटों का अवलोकन किया। घाटों की साफ सफाई व स्वच्छता के साथ-साथ साज-सज्जा को भी देखा। कमेटी में कोषाध्यक्ष विशाल विजयवर्गीय, संगठन मंत्री कमलेश जाजू, साधना मेंलाना, जवाहर फाउण्डेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा, पार्षद महेन्द्र सिंह, अशोक विश्नोई, थान सिंह, विक्रम साहनी, रविन्द्र भारती, ऋषीराज सहित लीलाकांत चौधरी शामिल थे। सर्वश्रेष्ठ घाट को सजाने वाली समिति को जिला यूनेस्को एसोसिएशन व पूर्वांचल जन चेतना समिति की ओर से 5100 रुपए का नगद पुरस्कार सहित व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



भीलवाड़ा। सुभाष नगर माहेश्वरी समाज द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित में सफल आयोजन के लिए समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, मंत्री प्रमोद कुमार मूंदड़ा, एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का आभार प्रकट किया। अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण मुंडला एवं मंत्री प्रमोद कुमार मूंदड़ा ने कहा कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हम सभी के सामूहिक प्रयास, आपसी सहयोग, प्रेम, समर्पण और एकजुटता का परिणाम है। सभी ने अपना अमूल्य समय देकर और तन-मन से सहयोग करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया। आप सभी का साथ और सहयोग ही हमारी समाज की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में भी भीलवाड़ा के अन्य कॉलोनी के अध्यक्ष मंत्री वरिष्ठ जन भी सम्मिलित हुए जिनका सुभाष नगर कार्यकारिणी ने स्वागत किया।

सारस्वत समाज का आनंद उत्सव कल

भीलवाड़ा। सारस्वत ब्राह्मण समाज का दीपावली स्नेह मिलन एवं 'आनंद उत्सव-26' कोटा रोड स्थित यश विहार में रविवार को आयोजित किया जाएगा। सारस्वत सेवा मंडल द्वारा इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडल के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश जोशी ने बताया कि सुबह 8 बजे से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण समाज की युवा और बाल प्रतिभाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेंगी, जो अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से ओत-प्रोत कला का प्रदर्शन करेंगी। समाज की प्रतिभाएं सुरीला संगीत, ओजस्वी कविता पाठ, एकल एवं सामूहिक नृत्य, और पारंपरिक अभिनय के जरिए अपनी संस्कृति की झलक पेश करेंगी। वरिष्ठ सदस्य दिनेश ओझा ने बताया कि विशेष रूप से श्लोक वाचन का आयोजन किया जाएगा। रोमांचक खेलकूद प्रतियोगिताएं और परिवारों के बीच आपसी परिचय व संवाद सत्र आयोजित होंगे। वरिष्ठ सदस्यों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल परिवारों को बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं को गहराई से जानने और मंच पर संवारने का एक बेहतरीन माध्यम भी प्राप्त होता है।

राजस्थान-मध्यप्रदेश स्तरीय प्रभात फेरी मंडलों का विराट सम्मेलन 1 को

काल भैरव जयंती पर होगा धार्मिक आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर



उपखंड क्षेत्र की नवगठित ग्राम पंचायत मानपुरा झीकरी पंचायत के झीकरी गांव में 1 दिसम्बर को काल भैरव जयंती के अवसर पर ग्राम झीकरी में 1 दिसंबर 2026 को राजस्थान-मध्यप्रदेश स्तरीय दैनिक हरीबोल प्रभात फेरी मंडलों का विराट सम्मेलन एवं काल भैरव जयंती महोत्सव आयोजित होगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। हरिबोल प्रभात फेरी मंडल तहसील अध्यक्ष उदयलाल टाक ने बताया कि समस्त ग्रामवासी झीकरी की ओर से आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में प्रभु श्रीराम के परम भक्त श्री हनुमान जी महाराज की असीम कृपा से 1008 पीठाधीश्वर आचार्य निर्मलराम जी महाराज, दांतडा धाम का सानिध्य प्राप्त होगा। आयोजन में राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न प्रभात फेरी मंडलों के श्रद्धालु भाग लेंगे। आयोजन को लेकर तहसील अध्यक्ष उदयलाल टाक के सानिध्य में दुर्गाप्रसाद टाक,कैलाश चंद्र टाक,रोहित टाक सहित अन्य टीम द्वारा राजस्थान ओर मध्यप्रदेश के विभिन्न गांवों में जाकर कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। लगातार दूसरी बार होने वाले सम्मेलन में धार्मिक एकता, भक्ति भावना एवं सनातन परंपराओं को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। काल भैरव जयंती के अवसर पर आयोजित इस महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं।

धार्मिक आस्था का संगम बनेगा झीकरी

लगातार दूसरी बार होने वाले आयोजन को लेकर राजस्थान-मध्यप्रदेश के प्रभात फेरी मंडलों का यह सम्मेलन झीकरी में धार्मिक आस्था और भक्ति का विशेष संगम बनने जा रहा है। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह के साथ ग्रामीण तैयारियों में जुटे हुए है।

संभवनाथ जैन मंदिर में गूंजी भक्तामर स्तोत्र की पंक्तियां: दो दिवसीय महापूजन में उमड़े 44 लाभार्थी परिवार

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर



महावीर बाजार स्थित संभवनाथ जैन मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय भव्य भक्तामर स्तोत्र महापूजन का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह धार्मिकमय हो गया। यह आयोजन परम पूज्य गुरुदेव विक्रम सूरीश्वर जी महाराज साहब की 40वीं पुण्यतिथि और पूज्य साध्वी विश्वेषमाला श्री जी महाराज की 100वीं ओली तपस्या के विशेष अवसर पर संपन्न हुआ।

नूतन गच्छाधिपति आचार्य देव श्री यशोवर्म सूरीश्वर जी महाराज साहब के आज्ञावर्ती, परम पूज्य ज्ञानानंदी जी महाराज और परम पूज्य विवेक-विशेष विश्वेषमाला महाराज साहब आदि ठाणा 7 के पावन सानिध्य में यह धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इस दौरान मुंबई के संगीतकार अनीश राठौड़ और सूरत के विधि कारक जैसल भाई की सुमधुर स्वर लहरियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्ञात हो कि भक्तामर स्तोत्र जैन धर्म का एक अत्यंत पवित्र और प्रभावशाली धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें भगवान आदिनाथ के अनंत गुणों, अष्टप्रातिहार्यों तथा संसार के दुखों को हरने वाली शक्ति का भव्य वर्णन मिलता है। इस महापूजन में तेजमल, प्रकाशचंद, अरविंद, तन्मय कुमार लोढ़ा, भागचंद, कमलेश कुमार, विनोद कुमार तातेड़, अशोक कुमार, हेमंत कुमार, सुशील कुमार डूंगरवाल और सुरेंद्र कुमार शुभम सुराना मुख्य लाभार्थी परिवार के रूप में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही, भक्तामर स्तोत्र की 44 गाथाओं के लिए 44 अन्य लाभार्थी परिवारों ने भी पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष पुखराज मांडोत, मंत्री टीकम चंद गोखरू, विमल कोठारी, विमल भंडारी, विनोद दुगड़, सुधीन्द्र चौधरी, अशोक सुराना, सम्पत बाबेल, भागचंद छाजेड़, विश्वविजय छाजेड़, पदम सोनी, राजेंद्र लोढ़ा, अविनाश गादिया, सुमति जैन, नीलम दुनिवाल, निर्मल लोढ़ा, मुकेश गोखरू, अमरचंद लोढ़ा, लालचंद काठेड़, पारसमल चौधरी, महावीर कोठारी, गौतम धम्मानी, राजेंद्र पोखरना सहित मंजू तातेड़, उर्मिला गादिया, सुदर्शना दुग्गड, अनिता लोढा और आराधना कोठारी जैसी प्रमुख श्रावक-श्राविकाओं का विशेष सहयोग रहा। सभी ने अनुष्ठान में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

भाविप भगत सिंह शाखा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न



भीलवाड़ा। भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में 100 से अधिक परिवारों ने भाग लिया। इस दौरान खेलकूद एवं महिलाओं के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा बाहर से पधारे प्रांतीय पदाधिकारियों तथा नवीन सदस्यों का तिलक लगाकर एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। शहर समन्वयक रजनीकांत आचार्य ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम संगठन में पारिवारिक जुड़ाव एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। शाखा सचिव मुकेश छीपा एवं कोषाध्यक्ष दीपक तुर्किया ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम प्रभारी मनीष सोमानी एवं गौरव झंवर ने व्यवस्थाएं संभालीं। वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपेश खंडेलवाल, कमलेश लाठी एवं अनुज जी का विशेष योगदान रहा।

29वां लोककवि मोहन मण्डेला स्मृति में कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह 28 को



शाहपुरा। साहित्य सृजन कला संगम द्वारा संस्थान के संस्थापक एवं लोककवि स्व. मोहन मण्डेला की स्मृति में लोक कवि मोहन मण्डेला स्मृति लोक साहित्य सम्मान कार्यक्रम एवं 29वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन इस वर्ष 28 नवम्बर शनिवार को समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष जयदेव जोशी ने संस्थान के पदाधिकारियों की बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष यह आयोजन 28 नवम्बर, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। एक साहित्यकार को भी इस अवसर सम्मानित इस अवसर पर किया जाएगा। सह सचिव दिनेश बंटी ने बताया कि सर्दी के मौसम के मद्देनजर इस वर्ष आम जनमत का सम्मान करते हुए सार्वजनिक रूप से अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय रामद्वारा में स्थित रामकोठी के डोम में किया जाएगा। क्षेत्र के सभी रसिक श्रोताओं से अधिकाधिक संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील पदाधिकारियों ने की है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित



शाहपुरा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न श्रद्धेय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा कांग्रेस कार्यालय, बालाजी की छतरी पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान, विचारों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को याद किया। इस अवसर पर राजकुमार बैरवा, नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ. इशाक खान, पार्षद नाथू कोली, सुनील मिश्रा, मुन्ना खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रसाद धाकड़, अजय मेहता, ओम सिंधी, मोडू चौहान एवं शंकर खटीक सहित अनेक कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचायत चुनाव - मतदान पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च



बिजयनगर। पंचायत राज आम चुनाव 2026 के तहत मतदान से पूर्व रिटर्निंग अधिकारी पंचायत एवं उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा कालवी पुलिस उपाधीक्षक मसूदा शिवराज सिंह , बिजयनगर तहसीलदार भीवराज परिहार ने ग्राम हनूतिया व जालियां द्वितीय में पुलिस दल के साथ फ्लैग मार्च किया। इसी तरह ग्राम देवमाली में भी रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम मसूदा कालवी ने मतदान पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों को निर्भय होकर मतदान करने की अपील की तथा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भय मुक्त चुनाव करवाने की प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, प्रलोभन या दबाव की सूचना तुरंत प्रशासन को दे । कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस दल पूरी तरह सतर्क रहें। इस दौरान पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं निर्वाचन से जुड़े कार्मिक भी उपस्थित थे।

NUTECH GLOBAL LIMITED

CIN NO. L17114RJ1984PLC003023
REGD. OFFICE-E-149, RIICO INDUSTRIAL AREA
BHILWARA-311001, (RAJASTHAN),TEL NO. +91 1482-260508
E-MAIL. ID : info@nutechglobal.com, WEBSITE : www.nutechglobal.com

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2026

(Rs. in Lacs, except as stated)

SL. No.	Particulars	Unaudited				Audited
		Quarter Ended		Nine Months Ended		Year Ended
		30.09.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	31.03.2026
1.	Total Income from Operations (Net)	1303.83	1519.19	2376.46	2275.53	4071.67
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	2.37	17.13	-7.47	3.49	21.17
3.	Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items)	2.37	17.13	-7.47	3.49	21.17
4.	Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items)	2.37	17.13	-7.47	3.49	15.73
5.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	2.37	17.13	-7.47	3.49	15.73
6.	Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each)	320.37	320.37	320.37	320.37	320.37
7.	Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year.	-	-	-	-	275.81
8.	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic 2. Diluted	0.07	0.53	-0.23	0.11	0.49

Note:-
1. The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 13th November, 2026 at Bhilwara.
2. The results for the Quarter and half year ended 30.09.2026 have been restated to Comply with Ind AS to make them comparable with the Current Period. Further previous period figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary, to confirm with the current period presentation.
3. The above is an extract of the detailed Financial Results for the Quarter and half Year ended 30th September, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website, www.bseindia.com and on the company's website, www.nutechglobal.com.

By the order of the Board
For Nutech Global Limited

(Rajeev Mukhija)
Managing Director
DIN: 00507367

Date:13th November,2026
Place: Bhilwara

आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ की एतिहासिक चातुर्मास पूर्ण कर भीलवाड़ा से विदाई कल

सूर्यमहल में पिच्छिका परिवर्तन के साथ होगा विदाई समारोह का आयोजन

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार एतिहासिक चातुर्मास सम्पन्न करने के बाद राष्ट्र संत मनोज्ञानचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ रविवार को यहां से विदा हो जाएंगे। विदाई के पल नजदीक आने के साथ पिछले करीब चार माह से आचार्यश्री का सानिध्य प्राप्त कर रहे श्रावक श्राविकाओं में भावुकता का माहौल है। श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि आचार्यश्री की विदाई से पूर्व दोपहर 1.30 बजे शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में पिच्छी परिवर्तन समारोह होगा। इसमें आचार्यश्री अपने चातुर्मास का अंतिम आशीर्वचन भीलवाड़ावासियों को देंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, महापौर जसवंत कंवर, उप महापौर राधेश्याम सोमानी, सकल दिगम्बर जैन समाज ओर चातुर्मास समिति के गौरवाध्यक्ष तिलोकचंद छाबड़ा होंगे। उन्होंने बताया कि जैन परम्परा में चातुर्मास के बाद संत अपनी पुरानी पिच्छिका अपने विशेष भक्तों को जिन्होंने पूरे चातुर्मास में अपनी सेवा प्रदान की उन्हें देंगे। वहीं चातुर्मास समिति सहित भीलवाड़ा समाज के विभिन्न संगठन नवीन पिच्छिका उन्हें भेंट करेंगे। इस समारोह के माध्यम से भीलवाड़ावासी श्रद्धालु एवं भक्तगण आचार्यश्री को भावपूर्ण विदाई देंगे। समारोह में एतिहासिक भीलवाड़ा चातुर्मास की यादे सहजने के लिए निर्मित स्मारिका का विमोचन भी आचार्यश्री के सानिध्य में किया जाएगा।

पिच्छी परिवर्तन समारोह के बाद दोपहर 3 बजे आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ सूर्यमहल से मंगल विहार कर शास्त्रीनगर जैन मंदिर दर्शन कर सिंधुनगर, राजीव गांधी चौराहा, महाराणा टॉकिज, माणिक्यनगर होते हुए पुराने भीलवाड़ा के जैन मंदिर के दर्शन कर तिलकनगर क्षेत्र स्थित यश विहार पहुंच रात्रि विश्राम करेंगे। यश विहार से 16 नवम्बर सुबह 7 बजे विहार कर कोटड़ी रोड स्थित दिनेश गोधा के फार्महाउस पर आहारचर्या करेंगे।

विशेषः लोकजीवन सरपंच संवाद पंडेर सरपंच ममता मुकेश जाट

1405 वोटों की जीत से दूसरी बार सरपंची तक : अब पंडेर को मॉडल बनाने का संकल्प!

धीरज गुर्जर की प्रेरणा से राजनीति में कदम, जनसेवा और संघर्ष बना जीत का आधार, अब क्लीन पंडेर-ग्रीन पंडेर की तैयारी

✍ भगवत सिंह टाक
लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर

राजनीति में कदम रखने से लेकर लगातार दूसरी बार सरपंच बनने तक का सफर संघर्ष, जनसंपर्क और जनसेवा की कहानी बयां करता है। जहाजपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पंडेर से लगातार दूसरी बार सरपंच निर्वाचित ममता मुकेश जाट अब गांव को मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के संकल्प के साथ विकास के नए अध्याय की तैयारी में हैं। दैनिक लोकजीवन की विशेष मुहिम सरपंच संवाद में ममता जाट ने अपने राजनीतिक सफर, चुनावी जीत के आधार, गांव की समस्याओं और आगामी पांच वर्षों के विकास विजन को साझा किया।





नौकरी छोड़ राजनीति में उतरे पति, धीरज गुर्जर की प्रेरणा से शुरू हुआ सफर

सरपंच ममता जाट बताती हैं कि राजनीति में आने से पहले वह घरेलू जिम्मेदारियां संभालती थीं। वर्ष 2014 में पूर्व विधायक धीरज गुर्जर ने उन्हें और उनके पति मुकेश जाट को राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। पति मुकेश जाट का वर्ष 2013 में नर्स ग्रेड-द्वितीय पद पर चयन हो चुका था, लेकिन धीरज गुर्जर के प्रति विश्वास और जनसेवा के संकल्प को देखते हुए उन्होंने नौकरी छोड़कर राजनीतिक सफर शुरू किया। पहला चुनाव जिला परिषद सदस्य के रूप में लड़ा और करीब 700 वोटों से जीत हासिल की। इसके बाद पति-प ी ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाते हुए लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।

2020 में 1405 वोटों से जीत, अब दूसरी बार जनता का विश्वास

वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत पंडेर में सामान्य महिला सीट आने पर ममता जाट ने सरपंच चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की। वर्ष 2014 से 2020 तक जनता के बीच सक्रिय रहकर लोगों का विश्वास हासिल करने के बाद उन्होंने चुनाव मैदान में उतरकर 1405 वोटों से जीत दर्ज की। अब लगातार दूसरी बार सरपंच निर्वाचित होना उनके राजनीतिक सफर की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ममता जाट अपनी जीत का आधार लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहना, समस्याओं के समाधान के लिए गांव से जयपुर तक प्रयास करना और युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करना बताती हैं।

15 हजार आबादी वाले पंडेर की चुनौतियां, पानी और सफाई सबसे बड़ा मुद्दा

13 वार्डों और लगभग 15 हजार आबादी वाली ग्राम पंचायत पंडेर में पंडेर कस्बा प्रमुख केंद्र है। यहां पुलिस थाना और उप तहसील कार्यालय भी संचालित हैं। ऐसे में पंचायत की जिम्मेदारियां और विकास की अपेक्षाएं भी बड़ी हैं। ममता जाट के अनुसार, घर-घर पानी पहुंचाना और नियमित सफाई व्यवस्था सबसे बड़ी समस्याओं में शामिल हैं। इन मुद्दों का समाधान उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा।

पांच साल का विजन : शिक्षा से स्वच्छता तक, किसानों से युवाओं तक विकास

ममता जाट ने ग्राम पंचायत को मॉडल बनाने का संकल्प लिया है। निःशुल्क लाइब्रेरी, नशामुक्ति केंद्र, मॉडल तालाब, गांव का सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन, घर-घर कचरा संग्रहण और नियमित सफाई व्यवस्था उनकी प्रमुख योजनाओं में शामिल हैं। किसानों के खेतों तक जाने वाले राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्तों से अति मण हटाकर उनका दुरुस्तीकरण करवाना भी महत्वपूर्ण प्राथमिकता रहेगी।

क्लीन पंडेर, ग्रीन पंडेर नारा नहीं, विकास का संकल्प!

स्वच्छता और हरियाली से बदलेगी गांव की तस्वीर, विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर पंडेर गांव को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के संकल्प के साथ पंडेर सरपंच ममता मुकेश जाट ने च्च्क्लीन पंडेर, ग्रीन पंडेरज्ज का नारा दिया है। सरपंच ममता जाट का कहना है कि गांव के विकास के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने स्वच्छ पंडेर और हरित पंडेर की परिकल्पना को साकार करने के लिए ग्रामीणों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। उनका मानना है कि स्वच्छ वातावरण, हरियाली और जागरूकता से गांव की तस्वीर बदली जा सकती है। क्लीन पंडेर, ग्रीन पंडेर का यह संकल्प गांव में स्वच्छता, हरियाली और बेहतर वातावरण की दिशा में नई उम्मीद जगा रहा है।

7 पहले 100 दिन : सरपंच की प्राथमिकताएं

- किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रास्तों से अति मण हटवाना।
- खेतों तक पहुंचने वाले रास्तों को सुचारू करवाना।
- गरीब परिवारों को जी रामजी के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार दिलाने का प्रयास।
- गांव की मूलभूत समस्याओं के समाधान की कार्ययोजना को गति देना।

जनता से अपील : विकास में साथ दें, पंडेर को नई पहचान दें

ममता मुकेश जाट ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग की अपील करती हैं। उनका कहना है कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति के साथ और सहयोग से ग्राम पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित कर सकती है।

कलयुग में प्रभु नाम का सुमिरन करने से मिट जाते सारे पापः आचार्य शास्त्री

हनुमान टेकरी पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





कलयुग में प्रभु नाम का सुमिरन करने मात्र से सारे पाप,ताप, संताप मिट जाते है ओर सर्व सुखों की प्राप्ति होती है। राम से बड़ा राम का नाम है जिसकी महिमा अपरम्पार है। ये विचार छोटी हरणी स्थित श्री टेकरी के बालाजी काठियाबाबा आश्रम पर श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन व्यासपीठ से वृन्दावन के कथावाचक आचार्य महेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि हरि नाम लेने के लिए समय का इन्तजार नहीं करे क्योंकि व्यक्ति ये तो जानता है कि उसकी दौलत कितनी है लेकिन ये नहीं पता कि उसके पास समय कितना है। तीसरे दिन जड़भरत संवाद, नृसिंह अवतार, वामन अवतार आदि प्रसंगों का वाचन किया गया। कथा के दौरान कई संत महात्माओं का सानिध्य भी प्राप्त हुआ।

कथा में आचार्य शास्त्री ने कहा कि कलयुग को क्लेश का युग भी कह सकते है जिसमें भागवत कथा शांति का अनुभव कराती है। जीवन में जो अपना नहीं उस पर भी हक जमाए तो महाभारत की शुरूआत होती है। दूसरों की संपति पर हक जमाने की बजाय जो अपना है उसका भी त्याग करने का मन हो जाए तो समझ लेना जीवन में संतोष प्रदान करने वाले भागवत तत्व का प्रवेश हो गया है।

व्यास पीठ की पूजा एवं आरती करने वालों में हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसरामजी महाराज, हाथीभाटा आश्रम के महंत संतदास महाराज, पंचमुखी बालाजी मंदिर रीको के पुजारी मुरारी पांडे, संत गोविन्दराम, संत इशानराम आदि संत महात्मा शामिल थे। सभी संत महात्माओं का कथा सूत्रधार महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के साथ व्यास पीठ पर विराजित आचार्य महेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने स्वागत किया। व्यासपीठ की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करने वाले श्रद्धालुओं में मनोज भट्ट, एसएस गंभीर, सुभाष चुघ, कमल वैशनानी, मुकेशकुमार, जतनसिंह, नितिन शर्मा, दिलीप चौधरी, सुजीत सिंह, अविनाश, गोपाल चौधरी, विष्णु काबरा, ममता सोनी, उषा शर्मा, आशा सोनी आदि शामिल थे।

सच्चे भाव से सेवा और प्रभु सुमिरन से जीवन में सुख-शांतिः महामंडलेश्वर हंसराम जी



हरीशेवा में निर्मला बाई की कथा का समापन, भजन-सत्संग, डोडा साग-चटनी का प्रसाद

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में कार्तिक मास के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय प्रसिद्ध निर्मला बाई की कथा का समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर सत्संग का श्रवण किया।

बाबा शेवाराम साहब की स्थापित नियम एवं परंपरा के अनुसार कार्तिक मास में प्रतिवर्ष निर्मला बाई की प्रसिद्ध कथा 'पंज डोडा साग टकिय जो' का आयोजन किया जाता है। इसका भावार्थ पांच मक्की की रोटी और सरसों की हरी सब्जी से जुड़ी परंपरा से है। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन ने संगीतमय कथा का वाचन करते हुए वर्तमान जीवन में इसकी प्रासंगिकता और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरुजनों, शास्त्रों और सनातन परंपराओं की शिक्षाओं का सही ढंग से पालन नहीं करने तथा अपने मार्ग से भटकने के कारण मनुष्य अशांति की ओर अग्रसर हो रहा है। स्वामी जी ने कहा कि कलियुग में सच्चे भाव से सेवा और प्रभु सुमिरन करने मात्र से जीवन में सुख-शांति और स्थिरता प्राप्त की जा सकती है। संत मयाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, संत ईशानराम, संत केशवराम, संत सुयज्ञराम, बालक मिहिर एवं यश सहित अन्य श्रद्धालुओं ने 'ईहा विनती तू सुन तू खणी, मुहिंजी प्रीत आहे तोसा घणी, कडहिं इन्दे तू अंगण धणी' तथा 'हरिराम तुहिंजा बचड़ा आहियूं, तुहिंजे चरणन में सिर था निवायूं' सहित अनेक भजन सुनाए। कथा के समापन पर आरती, अरदास एवं प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप डोडा साग एवं चटनी वितरित की गई।

विधायक कोठारी ने भादरिया लाइब्रेरी एवं गौशाला का किया अवलोकन

9 लाख से अधिक दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों का संग्रह भादरिया लाइब्रेरी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



पश्चिमी राजस्थान के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने जैसलमेर जिले की पोखरण तहसील के भादरिया गांव पहुंचकर विश्व प्रसिद्ध भादरिया लाइब्रेरी एवं विशाल भादरिया गौशाला का अवलोकन किया। कोठारी ने भादरिया लाइब्रेरी में संरक्षित ज्ञान और साहित्य की अमूल्य विरासत को देखा। इस लाइब्रेरी में 9 लाख से अधिक दुर्लभ पुस्तकें एवं प्राचीन पांडुलिपियां अपने मूल स्वरूप में संरक्षित हैं, जो भारतीय ज्ञान, संस्कृति और साहित्य की समृद्ध परंपरा का अद्भुत उदाहरण हैं। उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी गौशालाओं में शामिल भादरिया गौशाला का निरीक्षण किया। लगभग 40 हजार एकड़ क्षेत्र में फैली इस विशाल गौशाला में करीब 35 हजार गोवंश का संरक्षण एवं पालन किया जा रहा है। विधायक कोठारी ने गौशाला की व्यवस्थाओं, गोवंश के संरक्षण तथा सेवा कार्यों की जानकारी प्राप्त की। कोठारी के साथ गौ भक्त सुनील जागेटिया एवं शिक्षाविद् विवेक निमावत भी उपस्थित रहे। भादरिया में उनका अभिनंदन किया गया। कोठारी ने जैसलमेर जिले की अन्य गौशालाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां गोवंश के लिए उपलब्ध चारा, पानी, चिकित्सा सुविधाओं एवं संरक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सामने आ रही विभिन्न समस्याओं पर व्यापक चर्चा की। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों, गौशाला संचालकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके समाधान के संभावित उपायों पर विचार-विमर्श किया।

सांवरिया सेठ मंदिर में वसंत पंचमी पर होगी नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

अनुष्ठान में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सवा करोड़ 'ओम नमः शिवाय' मंत्र लेखन का महासंकल्प लिया

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर प्रांगण में वसंत पंचमी पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। अनुष्ठान में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सवा करोड़ 'ओम नमः शिवाय' मंत्र लेखन का महासंकल्प लिया गया है। ट्रस्ट के संरक्षक डी.पी. अग्रवाल ने बताया कि मां नर्मदा से लाए गए नर्मदेश्वर महादेव के लिए यह मान्यता है कि नर्मदा का कंकड़-कंकड़ शंकर है। इसी महिमा को आत्मसात करते हुए यह ध्येय रखा गया है कि प्रत्येक श्रद्धालु अपने हाथों से पंचाक्षरी मंत्र ओम नमः शिवाय लिखकर मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रत्यक्ष साक्षी बने। यह पुनीत कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, वरिष्ठ प्रचारक एवं माधव गौशाला के संस्थापक माननीय सुरेश भाई की पावन प्रेरणा व ध्येय से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ट्रस्ट के महामंत्री कैलाश डाड ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विभाग प्रचारक दीपक भाई के मार्गदर्शन में शाखा स्तर पर घर-घर संपर्क कर रहे हैं। भीलवाड़ा नगर के सभी सातों खंडों की शाखाओं के माध्यम से परिवारों को पत्रक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जहाँ एक मंत्र लेखन पत्रक में 446 बार ओम नमः शिवाय लिखने की व्यवस्था है। वर्तमान में प्रारंभिक चरण के तहत 30,000 पत्रक मुद्रित करवाकर वितरित किए जा रहे हैं। कोषाध्यक्ष ओपी आगाल ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आह्वान किया है कि वे सपरिवार इस महायज्ञ में अपनी आहुति दें और मंत्र लेखन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भीलवाड़ा नगर के सभी सातों खंडों की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं, श्री सांवरिया सेठ मंदिर एवं माधव गौशाला, पंचमुखी दरबार, संकटमोचन हनुमान मंदिर, हरणी महादेव मंदिर परिसर तथा शास्त्री नगर व बापू नगर के प्रमुख केंद्रों पर ये पत्रक निःशुल्क उपलब्ध रखे गए हैं।

गौवंश सुरक्षित तो सनातन धर्म भी सुरक्षितः महामंडलेश्वर जगदीशपुरी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



भारतीय संस्कृति में गौ माता का स्थान आधार स्तंभ के समान है। गौवंश सुरक्षित रहेगा तो सनातन धर्म और हमारी सांस्कृतिक परंपराएं भी सुरक्षित रहेंगी। ये विचार महामंडलेश्वर जगदीशपुरी जी महाराज ने गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आयोजित बैठक में व्यक्त किए।

महामंडलेश्वर जगदीशपुरी जी महाराज ने कहा कि गौ सेवा की परंपरा अनादिकाल से चली आ रही है। गौ माता की सुरक्षा के लिए देशभर में विशेष कानून बनाया जाना चाहिए तथा गौ माता को राष्ट्रमाता अथवा राष्ट्र आराध्य का सम्मान दिया जाना चाहिए। तभी गौवंश का संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा। सनातन धर्म की सुरक्षा के लिए गौवंश का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 17 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले गौ सम्मान आह्वान अभियान के तृतीय चरण को सफल बनाने के लिए अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने जाति, समाज, पार्टी और राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर इस अभियान का समर्थन करने की अपील की। अभियान को महिलाओं का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में गौभक्त अभियान से जुड़कर हस्ताक्षर अभियान को गति देने का संकल्प ले रहे हैं।

गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला टोली ने गौ वत्स श्री लालजी महाराज के नेतृत्व में जैन संत मुनि सुरेश जी म.सा., अभियान के संभाग प्रभारी नन्द किशोर साहू, जिला प्रभारी जगदीश तेली,कार्यालय प्रभारी बाबू लाल टाक, गौ शाला समिति के जिलाध्यक्ष गोपाल बांगड़, हरीश क्षोत्रिय आदि ने जिले के बागोर, बाडिया माताजी, रायपुर, कोशीथल, गंगापुर, कारोई एवं गुरला में बैठकें आयोजित की।

राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता के लिए जिले की ट्रायल कल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



जयपुर में 27 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाली सब जूनियर और सीनियर बालक/बालिका राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता के लिए भीलवाड़ा टीम की चयन ट्रायल 15 नवंबर को शाम 3 बजे महादेव व्यायामशाला, प्राइवेट बस स्टैंड के पास में होगी। जिला वूशु संघ के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव आचार्य ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में 1 जनवरी 2012 से 31 दिसंबर 2018 के बीच जन्मे तथा सीनियर वर्ग में 1 जनवरी 1986 से 31 दिसंबर 2008 के बीच जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते है। ट्रायल में राजस्थान वूशु संघ का आईडी कार्ड ,आधार कार्ड ,मेडिकल प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। भीलवाड़ा वुशु संघ के सचिव नरेंद्र सिंह शक्तावत ने बताया कि चयन समिति में दीपेंद्र सिंह राठौड़,सूर्यभान सिंह कानावत, हिमांशु राजावत आदि शामिल रहेंगे।

मंगरोप थाने के चार कांस्टेबल इधर से उधर, कोटड़ी व बीगोद थानों में तैनाती

भीलवाड़ा। जिले के मंगरोप थाने से पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है, जहाँ प्रशासनिक और कानून व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के नाम पर चार कांस्टेबलों का अन्य थानों में तबादला कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, मंगरोप थाने में सेवारत चार कांस्टेबलों के पदस्थापन में बदलाव करते हुए उन्हें दो अलग-अलग थानों में भेजा गया है। इस संपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई को कानून व्यवस्था ड्यूटी का नाम दिया गया है। मंगरोप थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि स्थानांतरित किए गए चार कांस्टेबलों में से सुरज्ञान, अशोक और जितेंद्र को कोटड़ी थाने में लगाया गया है, जबकि कांस्टेबल सचिन को बीगोद थाने भेजा गया है। थाना प्रभारी सिंह ने यह भी स्वीकार किया कि इन कांस्टेबलों के खिलाफ पूर्व में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिसके बाद विभागीय स्तर पर यह सुधारात्मक कदम उठाया गया है।

शास्त्रीनगर में मकान के बिजली मीटर में भड़की आग से मची अफरा-तफरी

भीलवाड़ा। शहर के व्यस्त शास्त्री नगर इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक आवासीय मकान के बाहर लगे बिजली मीटर में अचानक भीषण आग लग गई। मीटर से उठती आग की ऊंची-ऊंची लपटों को देख आसपास के रहवासियों में भारी दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शास्त्री नगर क्षेत्र में एक स्थानीय मकान के बिजली मीटर में अचानक शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी खराबी के चलते आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे स्थानीय लोगों में घर के अंदर तक आग फैलने का डर सताने लगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी बिना देरी किए मौके पर पहुंची और दमकलकर्मियों ने पूरी तत्परता व सूझबूझ के साथ आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। दमकल टीम के कड़े संघर्ष के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, जिससे समय रहते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। राहत की बात यह रही कि इस अग्निकांड में किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। इस घटना ने एक बार फिर से आवासीय क्षेत्रों में बिजली के मीटरों और वायरिंग की सुरक्षा व रखरखाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि दमकल कर्मियों की मुस्तैदी से बड़ा नुकसान टल गया, लेकिन नागरिकों और विद्युत विभाग को ऐसे मामलों में अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

मुमुक्षु बापना का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा। आगामी 19 नवंबर को शांति भवन, भूपालगंज में युवाचार्य महेंद्र ऋषि महाराज के मुखारविन्द से जैन भागवती दीक्षा ग्रहण करने जा रही मुमुक्षु रौनक बापना का राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने शॉल ओढ़ाकर भेंट कर अभिनंदन किया गया। युवाचार्य महेंद्र ऋषि महाराज ने फरमाया की वैरागिनी रौनक की दीक्षा केवल आध्यात्मिक जीवन की ओर कदम नहीं, बल्कि मानव अधिकारों के साथ-साथ समस्त प्राणी मात्र के अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण का भी संदेश है। साध्वी मधु कंवर मासा, साध्वी डॉक्टर चिंतन श्रीमसा ने भी भाव व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब, संरक्षक हेमंत कोठारी, पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, समाजसेवी दिनेश बम्ब, सीए महावीर गांधी, सुनीता गांधी, मंजू, अलका बम्ब, ललित बोहरा, सुरेश राजपुरोहित, दलपत खारीवाल, सुरेंद्र लोढ़ा, कमल वैशनानी आदि उपस्थित थे।



कलक्टर-एसपी ने किया डिजिटल प्रहरी ई-पत्रिका के पंचम अंक का विमोचन

राजसमंद। आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से राजसमंद पुलिस एवं कॅरियर संस्थान, राजसमंद की संयुक्त पहल डिजिटल प्रहरी ई-पत्रिका के पंचम अंक का विमोचन किया गया। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा एवं जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने पत्रिका का विमोचन करते हुए इसे डिजिटल सुरक्षा के प्रति जनचेतना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। विमोचन के दौरान बताया गया कि डिजिटल प्रहरी राजस्थान में अपनी तरह की अनूठी ऑनलाइन पहल है। इसके माध्यम से पुलिस विभाग नियमित डिजिटल पत्रिका के जरिए सीधे आमजन तक साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारियां पहुंचा रहा है। पत्रिका के अब तक पांच अंक प्रकाशित हो चुके हैं, जो राजसमंद सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचकर साइबर ठगी के बदलते तरीकों से बचाव की जानकारी दे रहे हैं। पत्रिका के पंचम अंक में राजस्थान पुलिस द्वारा जारी नवीनतम साइबर सुरक्षा एडवाइजरी को सरल हिंदी में संकलित किया गया है। इसमें डिजिटल अरेस्ट से बचाव, व्हाट्सएप व वाई-फाई सुरक्षा, मोबाइल साइबर हाइजीन के 15 महत्वपूर्ण नियम, फर्जी शादी के निमंत्रण पत्रों और पार्सल संबंधी संदिग्ध लिंक की पहचान सहित कई उपयोगी जानकारियां शामिल की गई हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों एवं युवाओं में साइबर सुरक्षा के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से रोचक क्विज, सचित्र कॉमिक्स, स्थानीय लोकभाषा में संवाद तथा प्रबुद्धजनों के समीक्षात्मक विचारों को भी स्थान दिया गया है। पत्रिका का उद्देश्य साइबर सुरक्षा जैसे तकनीकी विषय को सरल, रोचक एवं व्यावहारिक स्वरूप में आमजन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर कॅरियर संस्थान की अध्यक्ष भावना पालीवाल एवं साइबर थाना प्रोग्रामर खैरुल वसीम ने पत्रिका के प्रकाशन एवं साइबर जागरूकता संबंधी गतिविधियों में जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के सतत मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।



कलक्टर और एसपी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

राजसमंद। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के प्रथम व द्वितीय चरण के जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों की मतगणना 20 नवम्बर को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में होगी। तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अरुण कुमार हसीजा एवं पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने मतगणना स्थल, पुलिस लाइन पार्किंग स्थल और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित आसपास के मार्गों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मतगणना कक्षों, प्रवेश व निकास द्वारों और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। कलक्टर हसीजा ने कहा कि मतगणना राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से हो। इसके लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करते हुए समय पर व्यवस्थाएं पूर्ण करें और आवश्यक संकेतक लगाएं। एसपी हेमंत कलाल ने सुरक्षा व यातायात प्रबंधन की समीक्षा करते हुए जाब्ता तैनाती और अनधिकृत प्रवेश रोकने के सख्त निर्देश दिए। अधिकारियों ने परिसर में तैनात सुरक्षा कार्मिकों से संवाद कर सतर्कता बरतने को कहा। संपूर्ण परिसर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में है। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) राजकुमार कस्वा, पुलिस उपाधीक्षक नेत्रपाल सिंह एवं पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता आर.एल. मेहता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



राहगीर से लूट करने वाले गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार, चार वारदातें खुलीं

राजसमंद। आमेट थाना पुलिस ने रात के समय राहगीर से मारपीट कर नकदी, मोबाइल और ऑनलाइन राशि लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने तीन अन्य वारदातें भी स्वीकार की हैं, जबकि एक फरार साथी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 20 सितंबर 2026 की रात करीब 12:45 बजे आमेट निवासी जगदीश तेली भीलवाड़ा से बाइक बेचकर लौट रहे थे। बड़ा ढलान के पास काले रंग की थार में सवार पांच बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने पीछा कर उन्हें रोका और हथियार दिखाकर गाड़ी में बैठा लिया। बदमाशों ने 30 हजार रुपए नकद, आईफोन-14 छीन लिया तथा फोन-पे और केलवा बस स्टैंड स्थित एटीएम के पास से ऑनलाइन कुल 44 हजार 700 रुपए ट्रांसफर करवाकर पीड़ित को सियाणा बस स्टैंड पर छोड़ दिया। एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन, एएसपी महेंद्र पारीक व वृत्ताधिकारी कुंभलगढ़ जितेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में आमेट थानाधिकारी रोहित कुमार की टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने सांवतगढ़ (बूंदी) निवासी सुरेन्द्र सिंह (19), चांदनकला (जयपुर) निवासी कालू सिंह (21), कोटड़ी-बनेड़ा (भीलवाड़ा) निवासी शिवराज सिंह (21) तथा रायला (भीलवाड़ा) निवासी भोजराज रेगर (20) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने 19 सितंबर को कुंवारिया टोल के पास राहगीर से आईफोन-15 लूटने, 21 सितंबर को मंडपिया-भदेसर रोड पर राहगीर के अपहरण व लूट के प्रयास तथा 4 अक्टूबर को केकड़ी क्षेत्र में बुजुर्ग से चांदी का कड़ा व मुरकियां लूटने की वारदात कबूली है।

संसद का गणित बदलते ही देश के राजनीतिक समीकरण बदलने की तैयारी, इस बार पास हो सकते हैं महिला आरक्षण, परिसीमन बिल!

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली

महिला आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर देश की राजनीति के केंद्र में आने वाला है। खबरें हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है। चर्चा है कि दो से तीन दिनों का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है। सरकार की कोशिश है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाए। लेकिन इस बार इस पूरी कवायद के पीछे केवल महिला आरक्षण लागू कराने का मकसद नहीं है, बल्कि इसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ भी हैं।

इसी साल जब पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने थे, तब मोदी सरकार ने महिला आरक्षण को जल्द लागू करने और परिसीमन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए संसद में संविधान संशोधन विधेयक पेश किया था। सरकार चाहती थी कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता खुल जाए। लेकिन विपक्ष ने परिसीमन के मुद्दे को लेकर सरकार के प्रस्ताव का विरोध किया और 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका। विधेयक के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े।

बीजेपी ने इस पूरे घटना₹ म को अपने पक्ष में राजनीतिक हथियार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पार्टी ने देशभर में यह संदेश देने की कोशिश की कि महिला आरक्षण के रास्ते में विपक्ष बाधा बन रहा है। बीजेपी का राजनीतिक नैरेटिव साफ था कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की बात कर रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इस ऐतिहासिक



पहल को रोकने में जुटे हैं। पश्चिम बंगाल से लेकर असम और तमिलनाडु तक चुनावी विमर्श में इस मुद्दे को विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल किया गया और नतीजे भाजपा के पक्ष में रहे। असम, पश्चिम बंगाल में भाजपा की अपने बलबूते सरकार बनी तो साथ ही पुडुचेरी में एनडीए की सरकार वापस आ गयी।

अब उसी तरह की राजनीतिक लड़ाई एक बार फिर सामने है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार नजरें 2027 के विधानसभा चुनावों पर हैं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें उत्तर प्रदेश का चुनाव सबसे महत्वपूर्ण है, जहां बीजेपी के सामने सत्ता बरकरार रखने की चुनौती होगी। ऐसे में चुनाव से कुछ महीने पहले महिला आरक्षण का मुद्दा फिर से गरमाना बीजेपी के लिए एक बड़ा राजनीतिक अवसर बन सकता है।

देखा जाये तो इस पूरे घटना₹ म का सबसे दिलचस्प पहलू संसद का गणित है। संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए दोनों सदनों में अलग-अलग विशेष बहुमत की जरूरत होती है। लोकसभा में दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन हासिल करना अनिवार्य है। सरकार से जुड़े सूत्रों का दावा है कि इस बार उसके पास जरूरी संख्या से 15 से 18 वोट अधिक हैं। यानी अप्रैल में जो विधेयक गिर गया था, उसे इस बार पारित कराने का भरोसा सरकार को है।

देखा जाये तो अप्रैल में जब मोदी सरकार ने महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों को पारित कराने की कोशिश की थी, तब संसद का राजनीतिक गणित आज जैसा नहीं था। उस समय तृणमूल कांग्रेस एकजुट थी और उसके सांसद विपक्ष के साथ खड़े थे। लेकिन पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी में विभाजन और उसके अधिकांश सांसदों के नया गुट बनाकर एनडीए के साथ आने से लोकसभा का गणित बदल गया है। इसी तरह आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसदों का भी एक बड़ा धड़ा बीजेपी के साथ आ चुका है। यानी अप्रैल में जिन दलों और सांसदों को विपक्ष की ताकत माना जा रहा था, नवंबर आते-आते उनमें से कई के राजनीतिक समीकरण बदल चुके हैं। इतना ही नहीं, बीजेपी ने परिसीमन विधेयक को लेकर डीएमके की चिंताओं को दूर करने की भी कोशिश की है। बताया जा रहा है कि विधेयक में डीएमके की आपत्तियों का समाधान किया गया है। चूंकि डीएमके अब इंडिया गठबंधन से बाहर आ चुकी है, इसलिए उसके रुख में बदलाव और विधेयक को समर्थन देने की संभावनाओं को भी खारिज नहीं किया जा रहा। इसके अलावा कई अन्य दलों के सांसदों की ओर से ₹ ॉस वोटिंग की अटकलें भी लगाई जा रही हैं। यही वजह है कि अप्रैल में जहां सरकार के सामने दो-तिहाई बहुमत जुटाने की बड़ी चुनौती थी, वहीं नवंबर में वह पहले से कहीं अधिक आश्वस्त दिखाई दे रही है। अगर इन राजनीतिक बदलावों का असर मतदान में दिखाई देता है तो विपक्ष के लिए पिछली बार की तरह विधेयक को रोक पाना आसान नहीं होगा।

साथ ही संसद के मानसून सत्र का सत्रावसान न होना भी इस पूरी रणनीति का अहम संकेत है। मोदी सरकार ने 13 अगस्त को मानसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित तो कर दिया था, लेकिन राष्ट्रपति से उसका औपचारिक सत्रावसान नहीं कराया। इसके बाद से ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा चलती रही है कि सरकार किसी भी समय संसद की विशेष बैठक बुला सकती है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि मौजूदा सत्र को दोबारा बुलाने के लिए नई बैठक की तुलना में कम नोटिस की जरूरत होगी। सत्रावसान नहीं होने के 90 से ज्यादा दिन हो चुके हैं। अब चर्चा यह भी है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर ही संसद की विशेष बैठक आहूत की जा सकती है। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन अगर ऐसा होता है तो सरकार महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे को संविधान दिवस के राजनीतिक और प्रतीकात्मक महत्व के साथ जोड़कर बड़ा संदेश देने की कोशिश करेगी। विपक्ष के सामने भी तब एक असहज स्थिति होगी। संविधान और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व की बात करने वाले दलों को उसी दिन महिला आरक्षण और परिसीमन पर अपना रुख स्पष्ट करना होगा, जिस दिन देश संविधान को अपनाने का उत्सव मनाता है। जाहिर है, मोदी सरकार इस बार केवल विधेयक पारित कराने की तैयारी नहीं कर रही, बल्कि संसद के भीतर बदले हुए राजनीतिक समीकरणों को चुनावी मैदान में अपने पक्ष में भुनाने की जमीन भी तैयार कर रही है।


हम आपको याद दिला दें कि अप्रैल में एनडीए को लोकसभा में 298 वोट मिले थे, जबकि जरूरी संख्या से वह काफी पीछे रह गया था। अब सरकार का दावा है कि उसने दूसरे दलों और सांसदों का समर्थन जुटाने में सफलता हासिल की है। अगर यह दावा सही साबित होता है तो महिला आरक्षण के साथ परिसीमन की पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का रास्ता खुल सकता है।

देखा जाये तो अगर मोदी सरकार इस बार विधेयक पारित कराने में सफल रहती है तो इसका राजनीतिक फायदा केवल महिला आरक्षण लागू कराने तक सीमित नहीं रहेगा। बीजेपी इसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को राजनीतिक अधिकार देने वाले ऐतिहासिक फैसले के रूप में पेश करेगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में पार्टी इसे चुनावी मुद्दा बना सकती है।

अनिल कपूर ने 'इंडिया के टॉप 1%' में शत्रुघ्न सिन्हा को बताया 'दोस्तों का दोस्त'

बोले - मुझे गर्व है कि वे मेरे पड़ोसी हैं

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई



अनिल कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा की पहचान दशकों पुरानी है। दोनों 1980 के दशक की फिल्म 'युद्ध' में साथ नज़र आए थे और असल ज़िंदगी में पड़ोसी भी हैं। स्टार प्लस के 'इंडिया के टॉप 1%- द अनिल कपूर शो' में अनिल कपूर ने शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपनी दोस्ती का जिक्र किया और कहा कि उन्हें गर्व है कि शत्रुघ्न सिन्हा उनके पड़ोसी हैं। शो के 'ग्रेट इंडियन बुद्धि लीग' स्पेशल में बिहार के प्रतिभागी लालमणि श्रीवास्तव ने खुद को दुनिया का सबसे खुश इंसान बताया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग हमेशा खुश रहते हैं। इस पर अनिल कपूर ने मशहूर कहावत सुनाई, जो न कटे आरी से, वो कटे बिहारी से। फिर उन्होंने बिहार की प्रतिभाओं की तारीफ करते हुए शत्रुघ्न सिन्हा का जिक्र किया, क्योंकि वे भी बिहार के ही हैं। अनिल कपूर ने कहा, मेरे पड़ोसी हैं शत्रुघ्न सिन्हा साहब, वे बिहार से हैं। मैं उनकी बहुत इज़्ज़त करता हूँ। बहुत बढ़ियां इंसान हैं और मैं दिल से उनको चाहता हूँ। इन फैक्ट, शत्रुघ्न साहब दोस्तों के दोस्त हैं और मुझे गर्व है कि वे मेरे पड़ोसी हैं। देखिए 'इंडिया के टॉप 1 %- द अनिल कपूर शो' हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे, स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर।

नौगांवा सांवरिया सेठ को दिया बारात का निमंत्रण

भीलवाड़ा। सांवरिया सेठ मंदिर नौगांवा से ठाकुर जी की बारात मेडिसिटी ग्राउंड आजाद नगर जाएगी। 16108 श्री तुलसी सालिगराम विवाह समारोह के सिलसिले में श्री तुलसी सालिगराम विवाह महामहोत्सव समिति ने श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट को निमंत्रण और बारात लेकर पधारने का विशेष आमंत्रण दिया गया है। आयोजन 17 से 20 नवंबर तक चलेगा। ट्रस्ट के संरक्षक डीपी अग्रवाल एवं सचिव कैलाश डाड ने बताया कि विवाह समारोह के तहत भक्तों द्वारा श्री सांवरिया सेठ नौगांवा को विवाह का निमंत्रण पत्र व बारात लेकर आने का यह बुलावा दिया गया है।

बारणी ग्राम में चारागाह भूमि में खनन, ग्रामीणों में रोष

खनिज लीज निरस्त कराने की मांग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



खनन विभाग द्वारा शंभूगढ़ पंचायत समिति की नवगठित ग्राम पंचायत बारणी ग्राम की चरागाह भूमि एवं सार्वजनिक आम रास्ते में ब्यावर निवासी पायल जैन के नाम से खनन पट्टा सन् 2007 में भी स्वीकृत किया गया था। खनन विभाग द्वारा स्वीकृति की तारीख से लेकर आज तक उस खनन पट्टे में आवंटित भू भाग पर खनन कार्य कर एक ट्रेक्टर ट्रोली खनन पदार्थ भी कहीं नहीं ले जाया गया हैं। हाल ही में कुछ दिनों पहले जेसीबी द्वारा एक छोटा सा खड्डा किया था, जिसमें से निकली हुई मिट्टी भी खड्डे के पास में ही पड़ी हुई हैं। इसके बावजूद भी खान विभाग के रिकार्ड में इस खनन पट्टे के नाम से आफलाइन एवं आनलाइन कही फर्जी रवन्ने काटे गये हैं। जिससे खान विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की मिलीभगत साफ नजर आने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन पट्टा स्वीकृत होने के बीस वर्ष बीत जाने के बाद अब राजनैतिक रसूख वाले व्यक्तियों के रिश्तेदारों के नाम लेकर ग्रामीणों में डर का माहौल बनाते हुए अब खनन कार्य आरंभ किए जाने का प्रयास किया जा रहा हैं। इस संबंध में ग्राम वासियों की मांग है कि गांव की चरागाह भूमि तथा गांव के नजदीक खनन कार्य होने से गांव के पशु चर विचरण करने कहां जाएंगे। वहीं उन्होंने स्कूल परिसर के 500 मीटर दूर खनन कार्य का भी विरोध जताते हुए कहा कि गांव के पास खनन कार्य होने से चारागाह भूमि नष्ट हो जाएगी। जिससे क्षेत्र के पशु भूखे मर जाएंगे एवं खदानें गहरी होने से पानी का जलस्तर नीचे चला जाएगा जिससे खेती हर जमीन बंजर हो जाएगी। उन्होंने मांग की है कि राज्य सरकार तत्काल निर्णय कर चारागाह भूमि में खनन कार्य को बंद किया जाए तथा यह लीज निरस्त की जाए।

सरपंच भंवरलाल जाट के नेतृत्व में ग्रामीण गोविंद, दयाराम, रतन, भैरू लाल, सुखपाल, महावीर, तेज मल, कैलाश, सांवर लाल, हेमराज, नानु, मोहन,भागचन्द,विष्णु, सांवरलाल, पुखराज, अजयसिंह, भंवर लाल, सम्पत लाल, सुरेश, राहुल, ताराचंद, ईश्वर, गणेश, रामा, गोपाल लाल, सुवा, हेमराज, विष्णु आदि ने बताया कि एसडीओ, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया था, पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ये भी उठाए सवाल, जो मांगते जवाब

- पायल जैन द्वारा दिए खनन पट्टे के आवेदन में निकट ग्राम रघुनाथपुरा का उल्लेख हो रखा है जो कि ग्राम बारणी से करीबन 45 किलोमीटर दूर हैं। फिर ग्राम बारणी में खनन पट्टा कैसे स्वीकृत किया गया?
- ग्राम पंचायत द्वारा चरागाह भूमि में विकास कार्य करवाते हुए जो वृक्ष लगवाये थे उनको भी अब जेसीबी से उखड़वाया जा रहा हैं।
- खनन पट्टे में दर्ज भूमि में लोक देवता नापाजी की सार्वजनिक नाडी एवं नदी में राज्य सरकार के सहयोग से निर्मित एनिकट में जल अधिग्रहण वाला हिस्सा भी आ रहा हैं। जो कि न्यायालय द्वारा समय समय पर पारित किए गये विभिन्न निर्णयों के भी प्रतिकूल हैं।

14 नवंबर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर विशेष

इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल के

जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री (1947-1964) थे जो नए निर्माण का सपना देखते थे और कहते थे कि हमने अभी आजादी पाई है लेकिन स्वराज प्राप्त करना हमारा मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने अपनी वसीयत में लिखा था कि-'मुझे देश के लोगों ने अजहर प्यार दिया है और मैं नहीं जानता कि इसके बदले में उन्हें क्या दूं।' और इसी भावना के साथ उन्होंने भारत को कल-कारखाने तथा ज्ञान-विज्ञान की वह तरक्की दी जिससे कि देश की गरीबी दूर हो सके।

जवाहरलाल नेहरू को मैंने भी कुछ पढ़ा, लिखा तथा सुना है और मुझे लगता है कि वह एक राजनीतिज्ञ कम थे तथा भारत के लिए जीने-मरने का सपना रचने वाली कविता अधिक थे। जिसने भी जवाहरलाल नेहरू की चर्चित पुस्तकें-विश्व इतिहास की झलक, हिंदुस्तान की खोज तथा पिता के पत्रःपुत्री के नाम, को पढ़ा है। वह जान सकते हैं कि एक समग्र भारत की परिकल्पना किसी नागरिक के लिए क्या हो सकती है। उनका इतिहास बोध कहता था कि गुलामी से ही आजादी का जन्म होता है और फिर आजादी से ही नव निर्माण (स्वराज) की आधारशीला बनाई जा सकती है। महात्मा गांधी के सानिध्य ने ही उन्हें राष्ट्र नायक बनाया था और 1907 की बोलशेविक ₹ांति (रूस) ने ही उनमें सामाजिक परिवर्तन की अवधारणा को आगे बढ़ाया था।


जवाहरलाल नेहरू के अनेक राजनीतिक निर्णयों को आजादी के 76 साल बाद दलगत लोकतंत्र द्वारा चाहे जैसा भला-बुरा कहा जाता हो लेकिन यह एक सत्य है कि नेहरू के बाद भारत अपना कोई वैकल्पिक विकास का मॉडल आज तक नहीं बना पाया है तथा लोकतंत्र, समाजवाद और पंथ निरपेक्षता की उनकी सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक अवधारणाएं धीरे-धीरे कमजोर हुई हैं। कश्मीर के भारत में विलय और भारत-पाक विभाजन की स्थितियों को लेकर भले ही संकीर्ण हिंदुवादी ताकतों की अपनी एक राजनीति हो लेकिन हमें इस बात को कभी कोई नहीं भुला सकता कि वह भारत की अनेकता में एकता के पहले निर्माता थे और धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्रीयता की सोच को भारत के लिए सदैव हानिकारक मानते थे।

स्वतंत्र भारत में समता, न्याय एवं शांति का पहला भाष्य उन्होंने ही लिखा था और नवभारत की बुनियाद को विज्ञान तथा औद्योगिकरण से उन्होंने ही जोड़ा था। वैज्ञानिक समाजवाद की पहल उनकी ही थी और पंचवर्षीय योजनाओं का ढांचा देश में उन्हीं ने बनाया था। परमाणु शक्ति संपन्न भारत की नींव उन्होंने ही रखी थी और गरीब-अमीर के बीच असमानता तथा विषमता की खाई पाटने के लिए उन्होंने अतिवाद से हटकर मिश्रित अर्थव्यवस्था भारत के लिए अपनाई थी।

जवाहरलाल नेहरू का प्रभाव आज भी देश की तीन पीढ़ियों में एक साथ देखा-समझा जा सकता है। उनकी भारत में लोकतंत्र की बुनियादी समझ को हम भारत के उस संविधान में आज भी फलीभूत होते देख सकते हैं जो कभी उनके मंत्रिमंडल में विधि मंत्री रहे डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संजोया था। मुझे यह भी कहना होगा कि जवाहरलाल नेहरू की विरासत आज भी कांग्रेस पार्टी का एक गौरवपूर्ण इतिहास है तथा इंदिरा गांधी तथा राजीव गांधी भी महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के विकास के मॉडल की प्रतिछवि ही रहे हैं। भारत की राजनीति में तीन पीढ़ियों के त्याग बलिदान और देशभक्ति के संगम को आज भी नकारना सर्वथा असंभव है क्योंकि यह सभी जनता के सपनों को समय की भाषा देते हैं।

जवाहरलाल नेहरू ने ही गुट निरपेक्ष विश्व की राजनीति को आगे बढ़ाया था और पूरब-पश्चिम के शक्ति केंद्रों में विभाजीत दुनिया की तीसरी दुनिया का महत्व बताया था। यही कारण था कि नेहरू के जीवनकाल में भारत की समझ जाति, धर्म की संकीर्णताओं से कमजोर नहीं हुई और पूरा देश एक सुरताल में बंधा रहा। ऐसा नहीं है कि नेहरू ने भारत को अपने रहते नहीं समझा था। यदि आप जवाहरलाल नेहरू की लिखी (1938) की पुस्तक हिंदुस्तान की समस्याएं, प? तो आपको पता चलेगा कि वह विकासशील भारत के यथार्थ को जानते थे और कहते थे कि-महात्मा जी जब आए थे हमारे पास, इसी सियासी हिंदुस्तान के मैदान में तो पहले दो-तीन बातें उन्होंने हमें सिखाई थीं। पहली बात उनमें यही थी हमें आपस में मिलकर काम करना है और फूट डालो और राज करो, की सभी प्रवत्तियों से बचना है। गांधी जी ने दूसरी बात यह कही थी कि हमारे समाज में ऊंचता और नीचता नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही महात्मा जी यह भी कहते थे कि न्याय और सत्य की ल?ाई हमें निर्मय होकर ल?नी चाहिए। अतः नेहरू ने जनता के दिल और दिमाग को साफ रखने की बात पर सदैव जोर दिया था।

जवाहरलाल नेहरू के लाल किले के अनेक भाषण मैंने भी बचपन में सुने हैं और आज भी मुझे ऐसा ही लगता है कि वह एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जो भारत की जनता के मनोविज्ञान को समझते थे और बू?-बच्चे सभी को प्यारे लगते थे। भारत में नेहरू का जन्मदिन 14 नवंबर आज भी बाल दिवस के रूप में मनाया जाना भी यही कहता है कि-'भारत का भविष्य यह बच्चे ही लिखेंगे।' जवाहरलाल नेहरू भारत के ऐसे पहले राष्ट्रनायक हैं जिन्हें हम सभी आज एक भावनात्मक विचार मानते हैं क्योंकि ज्ञान और विज्ञान को जन अभियान बनाने की शुरुआत उन्होंने ही की थी। जवाहरलाल नेहरू को भले ही किसी ने गंदी राजनीति के गंदे खेल में आज भुला दिया हो लेकिन हम आज एक बात फिर विश्वास के साथ कह सकते हैं कि नेहरू इस देश का एक ऐसा इतिहास है जो सभी संकीर्णताओं से मुक्त है और भारत की आत्मा का अनुवाद जैसा है। ऐसे में नेहरू को हमें केवल राजनीतिक चश्में से ही नहीं देखना चाहिए, अपितु, विकास और समन्वय की आवाज के रूप में भी जानना चाहिए। जवाहरलाल नेहरू का 14 नवंबर को जन्म एक ऐसे सहज देशभक्त की जीवन यात्रा है-जिसने कभी हमें 'आराम हराम है' का नारा दिया था।



-वेदव्यास
(लेखक साहित्य मनीषी एवं वरिष्ठ पत्रकार)

देश में प्रत्येक 6 मिनट में एक बच्चे का अपहरण

आईएमसीसी ने बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताई

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब (आईएमसीसी) भारत द्वारा बाल दिवस बाल दिवस के अवसर पर कार्यालय में 'चर्चा चाय पर' का आयोजन किया गया। इसमें देश में बच्चों के साथ हो रही अपहरण की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया।

क्लब के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक सोडाणी, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश कोठारी एवं भीलवाड़ा जिला पदाधिकारी रामचन्द्र मूंदड़ा ने कहा कि आए दिन हम अखबारों में बच्चों, युवाओं, विशेष तौर पर बच्चियों व युवतियों की गुमशुदगी की खबरें पढ़ते हैं, जो बहुत ही चिंताजनक है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में देशभर में बच्चों के विरुद्ध कुल 1,87,702 अपराध दर्ज हुए, यानी प्रतिदिन औसतन 512 अपराध। इसमें अपहरण व व्यपहरण के कुल 75,108 मामले दर्ज हुए, यानी हर दिन औसतन 206 बच्चे अपहरण का शिकार हुए। इसी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में देशभर में कुल 98,375 बच्चे लापता हुए, यानी हर दिन औसतन 269 बच्चे।

वर्ष 2022 में मानव तस्करी के कुल 2,250 मामले दर्ज हुए, जिनमें 6,036 पीड़ितों में से 2,878 बच्चे थे। इस प्रकार मोटे तौर पर हर 6 मिनट में देश में एक बच्चे के अपहरण / लापता होने का मामला सामने आ रहा है। अपहृत बच्चों में से कई का मानव तस्करी, भीख मंगवाने, बाल श्रम, जबरन विवाह एवं अन्य अनैतिक कार्यों में उपयोग होने की आशंका बनी रहती है। डॉ. अशोक सोडाणी ने कहा कि हमें अपने मोहल्ले, स्कूल और समाज के बच्चों की सुरक्षा के लिए भी जागरूक प्रहरी की भूमिका निभानी होगी।

कंगूरे



कभी हमने भी हाथ थामा था
पर गलतफहमी की दीवार ने
किनारा कर लिया
कभी फूलों संग हँसे थे हम
पर काँटों की चुभन के इशारे
ने
खामोश कर दिया
हो गए कुछ रिश्ते बेनूर से
जो कंगूरे जैसे सजे नज़र
आए
अब जहाँ चाह वहाँ राह
मिलती है
उन दिल की प्रेम भरी गलियों
के
चौखट-चौबारे. खुशियाँ देते
नजर आए

संतोष काबरा

ज़ी टीवी के लोकप्रिय शो 'लक्ष्मी निवास' ने पूरे किए 300 एपिसोड्स, सेट पर हुआ शानदार जश्न

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई



ज़ी टीवी का चर्चित धारावाहिक 'लक्ष्मी निवास' अपनी शुरुआत से ही दर्शकों के दिलों पर राज कर रहा है। इस शो ने अपनी शानदार सफलता का एक और बड़ा पड़ाव पार करते हुए 300 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। इस विशेष उपलब्धि का जश्न पूरी कास्ट और क्रू ने सेट पर केक काटकर धूमधाम से मनाया, जिसमें कलाकारों, मीडिया कर्मियों और तकनीकी टीम के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

मानसी जोशी रॉय (लक्ष्मी) और राजेंद्र चावला (श्रीनिवास) की मुख्य भूमिकाओं वाला यह पारिवारिक ड्रामा एक ऐसे दंपत्ति की कहानी कहता है, जो भौतिक सुख-सुविधाओं के बजाय आपसी साथ को चुनते हैं और अपना आशियाना बनाने का सपना लेकर संघर्ष की राह पर निकलते हैं। शो में पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट, पीढ़ियों के बीच वैचारिक अंतर, त्याग और जीवन के उतार-चढ़ाव को बेहद संवेदनशीलता के साथ पर्दे पर उतारा गया है। आम भारतीय परिवारों की परिस्थितियों से मेल खाती इस कथा को दर्शकों का भरपूर स्नेह मिला है। अपनी इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए अभिनेत्री मानसी जोशी रॉय ने कहा कि 300 एपिसोड्स का यह सफर उनके लिए बेहद खास और संतोषजनक रहा है। समय के साथ लक्ष्मी का किरदार उनके अपने व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। उन्होंने अपनी इस कामयाबी का श्रेय पूरी टीम, निर्माता-निर्देशकों और विशेष रूप से उन वफादार दर्शकों को दिया, जो पहले दिन से इस पारिवारिक सफर के साक्षी बने हुए हैं। दूसरी ओर, जैसे-जैसे शो ने यह मील का पत्थर छुआ है, वैसे-वैसे इसकी कहानी में रोमांचक मोड़ और नई मुश्किलें भी दस्तक दे रही हैं। आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को कई बड़े ट्विस्ट और दिलचस्प ड्रामा देखने को मिलेंगे, जो शो की पटकथा को और अधिक म?ेदार बनाएंगे। जीवन के तमाम पहलुओं को समेटे हुए यह धारावाहिक दर्शकों का लगातार मनोरंजन कर रहा है। पारिवारिक रिश्तों की उथल-पुथल और भावनाओं से भरपूर यह शो दर्शकों को हर शाम खास संदेश देता है। आप भी इस खूबसूरत सफर का हिस्सा बनने के लिए देखिए 'लक्ष्मी निवास', हर शाम 7:30 बजे, सिर्फ ज़ी टीवी पर।

सा रे गा मा पा 2026 : शिवानी की जादुई प्रस्तुति ने कुमार सानू को किया भावुक, पैर छूकर दिया आशीर्वाद और भेंट की लग्जरी घड़ी

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई



ज़ी टीवी के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा 2026' का आगामी चिल्ड्रन्स डे स्पेशल एपिसोड भावनाओं और संगीत का अनूठा संगम लेकर आ रहा है। शो के दौरान एक नन्ही कंटेस्टेंट शिवानी की मंत्रमुग्ध कर देने वाली परफॉर्मेंस ने न सिर्फ दर्शकों बल्कि मंच पर मौजूद दिग्गज जजों का भी दिल जीत लिया। शो में संगीत की दुनिया के जाने-माने सितारे कुमार सानू, जावेद अली और शंकर महादेवन अपनी विशेष उपस्थिति से इस शाम को और भी यादगार बना रहे हैं।

शूटिंग के दौरान शिवानी ने अपने पिता शिवदास स्वामी के साथ मंच पर प्रसिद्ध गीत 'काहे छेड़े' पर एक बेहद मनमोहक प्रस्तुति दी। पिता और पुत्री की इस सुंदर जुगलबंदी ने सभी को भावविभोर कर दिया। उनकी इस अद्भुत गायकी को देखकर जज जावेद अली भी खुद को रोक नहीं पाए और उनके मुँह से निकल पड़ा, च्ये क्या देख लिया, रोंगटे खड़े हो गए!ज्ज यह प्रस्तुति केवल सुरों का मेल नहीं थी, बल्कि इसमें संगीत के प्रति अटूट प्रेम और एक पिता-बेटी के पवित्र रिश्ते की गहरी झलक साफ दिखाई दे रही थी।

परफॉर्मेंस का सबसे भावुक और हैरान करने वाला क्षण तब आया जब दिग्गज गायक कुमार सानू शिवानी की कला से इतने प्रभावित हुए कि उनकी आँखें नम हो गईं। उन्होंने शिवानी की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में बिना किसी गलती के एक ही टेक में इतना कठिन गाना गाना लगभग असंभव है। उनकी इस असाधारण प्रतिभा से अभिभूत होकर कुमार सानू ने मंच पर जाकर न सिर्फ शिवानी के पैर छुए, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्यार और आशीर्वाद स्वरूप नीले और सफेद रंग की एक खूबसूरत लग्जरी घड़ी भी उपहार में दी। इस अप्रत्याशित और स्नेहपूर्ण तोहफे को पाकर नन्ही शिवानी भी भावुक हो उठीं।

इसके अलावा, इस विशेष एपिसोड में शिवानी के पिता और मशहूर संगीतकार शंकर महादेवन के बीच एक अनूठी म्यूज़िकल जुगलबंदी भी देखने को मिलेगी, जो विभिन्न पीढ़ियों के कलाकारों के बीच के तालमेल को दर्शाएगी। शानदार गायकी, परिवार के प्रति समर्पण और जजों के आत्मीय पलों से सजा 'सा रे गा मा पा 2026' का यह चिल्ड्रन्स डे स्पेशल एपिसोड दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनने जा रहा है। संगीत और भावनाओं के इस खूबसूरत सफर को हर शनिवार और रविवार रात 930 बजे सिर्फ ज़ी टीवी और हिंदी ज़ी5 पर देखा जा सकता है।